हरिभूमि
रायपुर भूमि




## अथश्री कमल विहार कथा...

# अंधेरी रात, चारों तरफ सन्नाटा, पुलिस सहायता केंद्र में ताला, खौफ ऐसा कि लोग बाहर नहीं निकल रहे

**चोरी, लूट, हत्या समेत कई गंभीर वारदातें**

इलाका सूना होने की वजह से बदमाश यहां सक्रिय रहते हैं। कमल विहार में लूट के साथ हत्या जैसी गंभीर आपराधिक घटनाएं हो चुकी हैं। चोरी की घटना आम है, इस क्षेत्र में आए दिन चोरी की घटनाएं होती रहती हैं। चोर नाली में लगे लोहे के ढक्कन, निर्माणाधीन मकानों से सरिया, बिजली उपकरण जैसे अन्य सामान चोरी कर ले जाते हैं।

**दो माह पूर्व हुआ था उद्घाटन, सुरक्षा जस के तस, लाइटें भी बंद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

समय शाम के 7 बजकर 16 मिनट। थोक सब्जी बाजार के सामने कमल विहार का भव्य गेट। वहां करीब एक किलोमीटर है पुलिस सहायता केंद्र। इसका उदघाटन 29 जून 2024 को जोर-शोर से उद्घाटन किया गया था। हरिभूमि की टीम वहां पहुंची तो खुद सहायता केंद्र अंधेरे में डूबा था। केंद्र से पुलिस वाले गायब थे। एक गार्ड ही दिखा। हरिभूमि टीम ने उसे मोबाइल के टार्च से तलाश किया। वह खुद खौफ में आ गया। चारों तरफ अंधेरा पसरा था। कमल विहार में हाल यह है कि स्ट्रीट लाइटें पूरी तरह बंद हैं। कमल विहार में आए दिन होने वाली आपराधिक घटनाओं ▶▶शेष पेज 11 पर



### स्टाफ के साथ पेट्रोलिंग वाहन नहीं

कमल विहार में लोगों की बसाहट औसत से कम है। इस वजह से इस क्षेत्र में दिन के साथ रात के समय सन्नाटा पसरा रहता है। इस बात को ध्यान में रखते हुए कमल विहार में दिन के साथ रात के समय पुलिस पेट्रोलिंग की जरूरत है। नाम के लिए खुले सहायता केंद्र में पुलिस स्टाफ की जहां एक ओर कमी है, वहीं दूसरी तरफ पेट्रोलिंग वाहन नहीं होने की वजह से क्षेत्र में नियमित गश्त तक नहीं हो पाती। वर्तमान में कमल विहार में टिकरापारा के साथ मुजगहन पुलिस रात के समय पेट्रोलिंग करने पहुंचती है, जो क्षेत्र के हिसाब से नाकाफी है।



# घंटेभर में बरस गया तीन सेमी पानी, हवा के साथ तेज बौछारों से गणेश पंडाल धड़ाम







हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी सहित आउटर के इलाकों में शनिवार की शाम झमाझम बारिश और हवा के तेज झोंके से बूढ़ापारा में सप्रे स्कूल का एक गणेश पंडाल सड़क पर ध्वस्त हो गया। हालांकि सिद्धिविनायक की प्रतिमा वाला हिस्सा सुरक्षित रहा, पर भारी-भरकम पंडाल के ढहते ही इस मार्ग पर दोनों ओर की आवाजाही रोकने की नौबत आ गई। 2 क्रेन बुलाकर सड़क पर पड़े पंडाल को घंटों मशक्कत के बाद हटाया गया। रविवार को दोपहर बाद घंटे भर इतनी रफ्तार से पानी बरसा कि राजधानी की कई सड़कें डूब गईं। गणेश उत्सव के पंडालों को भी बारिश से नुकसान पहुंचा है। बूढ़ापारा में पूरा पंडाल ही ध्वस्त हो गया।

दरअसल बूढ़ापारा स्थित सप्रे शाला के मंदिर के पास गणेश पंडाल के दायीं व बायीं ओर की सड़क घेरकर पंडाल के बाहर ट्रस खड़ा किया, जो रविवार की शाम तेज हवा और बारिश के दौरान ढह गया। सूत्रों के मुताबिक, भारी-भरकम वाटरप्रूफ पंडाल का एक पिलर तेज हवा व बारिश में पहले पिचक गया। फिर इसका एक बड़ा हिस्सा सड़क पर धड़ाम से गिर जाने से यातायात बाधित हुआ। इसे हटाने में यातायात पुलिस व नगर निगम अमले की टीम को घंटों लग गए। नवा रायपुर तूता स्थित धरनास्थल पर जमकर बारिश और तेज हवा में दैनिक वेतनभोगी वन कर्मचारियों का पंडाल ही उड़ गया। इसके चलते हड़ताली कर्मचारी तितर-बितर हो गए।

**सप्रे स्कूल के सामने बालाजी परिवार का पंडाल भरभरा कर गिरा**

**वीआईपी रोड पर बहता रहा नाले का काला पानी**

**तेलीबांधा से मैग्नेटो मॉल तक पानी ही पानी, तूता धरनास्थल से उड़ा पंडाल**

**वंदना ऑटो से ईदगाहभाठा मार्ग पर जलभराव से लोग त्रस्त**




### टैगोर नगर, शैलेंद्र नगर में पानी ही पानी

नगर निगम जोन-6 के शहीद पंकज विक्रम वार्ड स्थित टैगोर नगर में देवी लक्ष्मी हास्पिटल के सामने वाली सड़क पर घुटनों तक पानी भरने से शहरवासियों को बेहद परेशानी हुई। इसी तरह शैलेंद्र नगर क्षेत्र में जलभराव की समस्या से लोग परेशान रहे। गरज-चमक के साथ हुई बारिश के चलते शहर के कई हिस्सों में बिजली गुल होने की भी शिकायत रही।



### वीआईपी रोड पर नाले का बजबजाता काला पानी

राजधानी के वीआईपी रोड पर झमाझम बारिश के बाद नाले का बजबजाता बदबूदार गंदा व काला पानी सड़क पर पूरे वेग के साथ घंटों बहता रहा। इससे इस मार्ग पर आने-जाने वालों को खासी परेशानी उठानी पड़ी। होटल ग्रैंड इम्पीरिया और होटल शीतल के सामने मुख्य मार्ग पर नाले का गंदा पानी ओवरफ्लो होकर बहने से लोग परेशान रहे।

### तेलीबांधा से मैग्नेटो मॉल तक सर्विस रोड लबालब

शहर के प्राइम लोकेशन पर स्थित तेलीबांधा मार्ग से मैग्नेटो मॉल तक सर्विस रोड पर लबालब पानी भरने से जलभराव की स्थिति बनी रही। इससे दोपहिया, तिपहिया और चारपहिया वाहन चालक हलाकान हुए। गंदे पानी और कीचड़ के बीच से लोगों को गुजरना पड़ा। पैदल चलने वालों को गंदे पानी के छींटों ने परेशान किया। तेज बारिश के चलते तेलीबांधा के आसपास बसी कॉलोनियों के घरों में बारिश का गंदा पानी भरने से रहवासी परेशान रहे।

### अस्थायी मौसम से उद्वेलित बादल जमकर गरजे-बरसे

मौसम के अस्थायी होने से रविवार को दोपहर बादल छाए बादल राजधानी में जमकर गरजे और तीन सेमी. तक बरस गए। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, सितंबर के महीने में इस तरह की स्थिति अक्सर बनती है और बादलों की गर्जना ज्यादा बारिश कम होने की स्थिति बनती है। रविवार को सुबह के वक्त हल्के बादल छाए रहे और अधिकतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री ज्यादा होकर 34 तक पहुंचा। शाम होने के बाद बादल और गहरे हुए तथा उसके गरजने का दौर शुरू हो गया। कुछ अंतराल बाद जोरों से बारिश शुरू हुई, जो आधे घंटे तक जारी रही। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, लालपुर स्थित मौसम विभाग के कार्यालय में रात साढ़े आठ बजे तक 31 मिमी. बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग के विशेषज्ञों के अनुसार, बारिश की तुलना में बादल गरजने की गतिविधि काफी अधिक थी। उन्होंने बताया कि सितंबर के महीने में दिन में गर्माहट बढ़ जाती है, वातावरण में नमी मौजूद रहती है और मौसम में अस्थिरता बढ़ जाती है, जिससे मेघ गर्जन की घटनाएं बढ़ जाती हैं। अभी प्रदेश में मानसून सक्रिय है, जिसके प्रभाव से अगले तीन दिन बारिश की गतिविधि बढ़ने की संभावना है। रायपुर जिले में अब तक 800 मिमी. बारिश हो चुकी है, जो अब तक की सामान्य स्थिति में है।

- सितंबर में अक्सर बनती है ऐसी स्थिति, वर्षा कम गर्जना ज्यादा

B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड- 114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि- 11/09/24
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

## बांस फंसाकर ग्रिल मोड़ी और घुस गए मकान के अंदर, ले उड़े पांच लाख के जेवर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पंडरी थाना क्षेत्र के दलदल सिवनी स्थित अविनाश सनसिटी में चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए एक लाख रुपए नकदी सहित पांच लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवरों पर हाथ साफ कर दिया। चोरी की घटना 1 सितंबर को हुई थी। मकान मालिक को घटना की जानकारी 3 सितंबर को पड़ोसी के माध्यम से मिली, तब वे अपने पूरे परिवार के साथ तीर्थयात्रा पर गए हुए थे। रविवार को वापस लौटने के बाद मकान मालिक ने थाने में चोरी की शिकायत ▶▶शेष पेज 11 पर

- चोरी की भनक सिक्योरिटी गार्ड तक को नहीं लग पाई



### सीसीटीवी में कैद हुए बदमाश

घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज की पुलिस ने जांच की तो पाया कि बदमाशों ने चोरी करने के पहले आसपास के माहौल का अच्छी तरह मुआयना किया। आसपास किसी की मौजूदगी नहीं होने पर ही बदमाश बड़े आराम से चंदन के घर दाखिल हो गए और चोरी की घटना को अंजाम दिया। फुटेज में तीन शातिरों की उपस्थिति दिख रही है।

### चोरों का उत्पात थम नहीं रहा

राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में बीते एक सप्ताह के भीतर आधा दर्जन से ज्यादा छोटी-बड़ी चोरी की घटनाएं हुई हैं। चोरों ने पिछले दिनों गुढ़ियारी थाना क्षेत्र में एक वकील के घर को निशाना बनाते हुए मकान के अंदर से कैश, जेवर चोरी करने के साथ ही घर के बाहर खड़ी कार तक पार कर दी थी। हालांकि पुलिस ने चोरी की घटना में शामिल दो पुराने शातिर बदमाशों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की। चोरों के निशाने पर शहर के आउटर में बनी कॉलोनियां तथा मकान हैं।

**खबर संक्षेप**

### शेयर मार्केट में लाभ का झांसा, 27.60 लाख ठगे



रायपुर। तेलीबांधा थाने में एक कारोबारी ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ शेयर बाजार में दोगुना लाभ मिलने का झांसा देकर 27 लाख 60 हजार रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, निशांत जैन ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। निशांत ने पुलिस को बताया कि अज्ञात जालसाज ने उसे अपने आपको एसएमओ ग्लोवर का सप्लायर बताकर वाट्स एप ग्रुप में जोड़ा। जालसाज ने कारोबारी को शेयर ट्रेडिंग में लाभ मिलने का झांसा देकर अपने अकाउंट में रुपए जमा कराकर मुनाफा दिखाकर ठगी का शिकार बनाया।

**महंगे खर्च पर तीर्थयात्रा**

## आईआरसीटीसी ने जोन में सालभर से नहीं निकाला ट्रैवलिंग पैकेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में आईआरसीटीसी ने सालभर से ट्रैवलिंग को लेकर पैकेज नहीं बनाया है। रेलवे लगातार ट्रेनों को रद्द करने व्यस्त है। दूसरे जोन में सस्ते टूर पैकेज का लाभ यात्रियों को मिल रहा है, लेकिन जोन के यात्रियों को महंगे किराए के साथ तीर्थयात्रा करनी पड़ रही है। जोन में अभी केवल अयोध्या दर्शन की योजना सक्रिय है, लेकिन मां वैष्णोदेवी, ज्योतिर्लिंग दर्शन समेत अन्य तीर्थस्थलों को लेकर पैकेज लंबे समय से नहीं बना है। सस्ते किराए में यात्रा करने के लिए यात्रियों ▶▶शेष पेज 11 पर

- जोन में अभी केवल अयोध्या धाम यात्रा योजना सक्रिय

### भारत गौरव ट्रेन की भी सुविधा नहीं

देश में आईआरसीटीसी के माध्यम से अलग-अलग तीर्थ व पर्यटन क्षेत्र के लिए स्पेशल ट्रेनें चलाई जाती हैं। भारत गौरव ट्रेन के माध्यम से देश के अलग-अलग तीर्थ क्षेत्रों में पैकेजिंग की व्यवस्था की जाती रही है, लेकिन अब आईआरसीटीसी पमरे से चलने वाली प्रमुख ट्रेनों में पर्यटन के तहत यात्रियों को पैकेजिंग देने जा रहा है, लेकिन इसमें बिलासपुर जोन शामिल नहीं है। ▶▶शेष पेज 11 पर

## कूड़ा-करकट से बिजली बनाने में खर्च होंगे 350 करोड़, प्लांट के लिए केंद्र को प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

शहरभर से निकलने वाले कूड़ा-करकट से अब रामकी कंपनी बिजली बनाने की तैयारी में है। केंद्र सरकार की वेस्ट टू एनर्जी योजना में रायपुर नगर निगम ने कचरे से 8 मेगावाट बिजली बनाने 350 करोड़ का प्लांट लगाने प्रस्ताव भेजा है। पहले फेज में बिलासपुर नगर निगम को कंपोस्ट बायोगैस प्लांट लगाने ग्रांट देने की मंजूरी केंद्र से मिली है। इसके लिए उससे डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट मंगाई गई है। वहीं रायपुर नगर निगम के प्रपोजल को सेकंड फेज में वेस्ट टू एनर्जी प्लांट के तहत मंजूरी मिलने की उम्मीद है।

दरअसल अरबन डेवलपमेंट सिटीज 2 के तहत केंद्र सरकार की वेस्ट टू एनर्जी योजना में नगरीय निकाय को केंद्र से फंड देने की व्यवस्था है। रायपुर नगर निगम की ओर से रामकी कंपनी ने शहरभर से निकलने वाले कूड़ा-करकट से बिजली बनाने ▶▶शेष पेज 11 पर

**रामकी कंपनी लगाएगी वेस्ट टू एनर्जी प्लांट नगर निगम को मिलेगा 60 करोड़ का ग्रांट**



### सेकंड फेज में मंजूरी की उम्मीद

रायपुर, नवा रायपुर से निकलने वाले कूड़ा-करकट से बिजली बनाने एक ही जगह प्लांट लगाने का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा गया है। बिलासपुर नगर निगम को फर्स्ट फेज में वेस्ट टू एनर्जी प्लांट लगाने मंजूरी मिली है। सेकंड फेज में रायपुर नगर निगम के प्रपोजल को मंजूरी मिलने की उम्मीद है।

- अबिनाश मिश्रा, आयुक्त ननि रायपुर

### प्लांट लगाने भेजा है प्रपोजल

अरबन डेवलपमेंट सिटीज-2 में केंद्र सरकार वेस्ट टू एनर्जी के लिए कुछ राशि फंड के रूप में प्रदान करती है। हमने रायपुर शहर में 350 करोड़ का प्लांट लगाने प्रपोजल बनाकर मंजूरी के लिए भेजा है। फंड की आधी राशि लोन के रूप में रहेगी। इसे भुगतान करना होगा।

- योगेश कुमार, सिटी हेड, रामकी कंपनी

- रेवेन्यू शेयर मॉडल पर कचरे से बिजली बनाने की योजना
- कूड़े-कचरे का एक साथ होगा निपटारा, प्रदूषण की समस्या से राहत
- रायपुर और नवा रायपुर से निकलने वाले कूड़ा-करकट से बिजली बनाने का प्लान
- केंद्र सरकार से होगी फंडिंग
- रामकी शहर में 8 मेगावाट का प्लांट लगाने तैयार
- शहर की सफाई का ठेका लेने वाली कंपनी रामकी का हैदराबाद में 24 मेगावाट, दिल्ली में 24 मेगावाट और मुंबई में भी 100 मेगावाट बिजली का प्लांट

## शराब खरीदने के दौरान विवाद, युवक पर चाकू से किया हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित पुलिस लाइंस स्थित शराब दुकान में शराब खरीदने के विवाद में झूमाझटकी की घटना चाकूबाजी में तब्दील हो गई। हालांकि किसी भी पक्ष ने थाने में शिकायत दर्ज नहीं कराई है। पुलिस मामले की जांच के बाद कार्रवाई करने की बात कह रही है।

- दुकान में झूमाझटकी के बाद किसी अन्य स्थान पर युवक को चाकू मारा

कोतवाली टीआई के मुताबिक, रविवार को शराब दुकान में भीड़ ज्यादा होने की वजह से अलग से पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई थी। इसी दौरान शराब खरीदने के विवाद पर दो युवक आपस में एक-दूसरे के साथ झूमाझटकी कर रहे थे। मौके पर उपस्थित पुलिसकर्मियों ने दोनों को समझाइश देकर शांत कराया। मौके पर उपस्थित एक युवक के मुताबिक, जिन युवकों के बीच विवाद हुआ था। मौके पर उपस्थित पुलिसकर्मियों की वजह से विवाद शांत हो गया। शराब दुकान से कुछ दूर जाने के बाद दोनों फिर आपस में ▶▶शेष पेज 11 पर

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या
अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न
नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

## चकल्लस

### कोई बचा है क्या?

साक्षरता अभियान सदियों से चल रहा है लेकिन सभी साक्षर क्यों नहीं हो रहे हैं, यह हमें नहीं पता। वैसे इस सत्र के लिए फिर से यह अभियान शुरु हो गया है। चलिए अब अंदर की बात भी आपको सुना देते हैं। इस बार भी सूची में वे ही नाम हैं, जो पिछली बार परीक्षा में बैठे थे। हैरान मत होइए। खबरी बता रहा था कि जो पिछली बार साक्षरता की परीक्षा में बैठे थे, उनमें से कई के नाम तो दिल्ली केंद्र भेजे ही नहीं गए थे। आधों को फेल कर दिया गया है। अब सबके सब साक्षर हो जाएंगे तो अभियान के लिए पैसे कैसे मिलेंगे?

### बस एक मौका चाहिए

माशिम में जो नई मैडम आई हैं, वो नियमों को लेकर सख्त हैं। यह पुरानी बात है। इसमें नया यह है कि अगले साल होने वाली परीक्षाओं की तैयारी शुरु हो गई है। सालभर पुराने सिस्टम में जी भरकर सेटिंग होती थी। ऊपरी कमाई भी खूब हो जाया करती थी। इस बार ऐसी कोई स्थिति निर्मित नहीं हो पा रही है। प्रश्नपत्र छापने वालों से लेकर उत्तरपुस्तिकाएं सप्लाई करने वाले तक बस एक मौका तलाश रहे हैं। पुराने साथी की भी खूब याद आ रही है।

### वीआईपी कल्चर

निगम वैसे आम आदमी के लिए सहूलियत के लिए है। सफाई वाले, टेंकर वाले, बाग बगीचे वाले, मच्छर भगाने वाले से लेकर इंजीनियर तक। सब आम आदमी के लिए तैनात होते हैं, जनता के पैसे ही



तनख्वाह पाते हैं। लेकिन यह केवल दिखावे के लिए है। असल में यह सब साहब लोगों के कारिंदे हैं। साहब लोगों के बंगलों में पाए जाते हैं। अधिकारी भी इसे समझते हैं इसलिए कर्मचारियों को हिदायत दे देते हैं कि आम आदमी का काम हो न हो, साहब लोगों का होना चाहिए। शायद इसलिए निगम की इकलौती फागिंग मशीन साहब लोगों के लिए रिजर्व ही कर दी है। आम आदमी को मच्छर काटे तो काट ले, साहब को नहीं काटना चाहिए।

### लेटरल एंट्री मुश्किल

केंद्र सरकार ने हाल ही में बड़ी सरकारी नौकरियों में लेटरल एंट्री के माध्यम से भर्ती करने की तैयारी में नौकरियों के विज्ञापन निकाले थे, लेकिन विपक्ष के भारी विरोध के कारण यह फैसला ही वापस लेना पड़ गया। ऐसा ही कुछ सदस्यता के मामले में हो रहा है। ऐसे नेता और कार्यकर्ता मिस्ड कॉल करने लगे हैं, जो पहले पार्टी से बगावत कर या दूसरी पार्टी में शामिल होकर निकल भागे थे, ये लोग अब पार्टी में वापसी करना चाहते हैं। इनका भी विरोध हो रहा है, लेकिन पार्टी लेटरल एंट्री के फैसले से सबक ले चुकी है, लिहाजा ये मुश्किल है कि सदस्यता देने में अब लेटरल एंट्री को शायद ही मंजूरी दे।

### दूध का जला...

चिकित्सा अधीक्षक की जिम्मेदारी संभालने वाले एक सीनियर डॉक्टर ने नए मेडिकल कॉलेज के डीन बनाए जाने के प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया। दरअसल उनके सरल स्वभाव की वजह से डीन बनाने का न्योता भेजा गया था। आमंत्रण लेकर जाने वाले नुमाइंदे को डॉक्टर ने बिना किसी प्रतिक्रिया के वापस लौटा दिया। चिकित्सा अधीक्षक से डीन की कुर्सी तक पहुंचाने के लिए मध्यस्थता कराने वाले हितैषी अब लोगों को यह बताते फिर रहे हैं कि मेडिकल सुपरिटेंडेट के रूप में उनका अनुभव अच्छा नहीं रहा है, इसलिए दूध का जला होने की वजह से वे छाछ भी फूंककर पी रहे हैं।

### दबाव काफी बड़ा है...

प्रदेश के चर्चित घोटालों में जुड़े होने के बाद भी कई अधिकारी-कर्मचारी स्वास्थ्य विभाग में सेवाएं दे रहे हैं। वहीं जेल से लाए गए एक बंदी की जांच में कोताही बरतने के आरोप में एक डॉक्टर को सीधे सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। बंदी को दूसरे विभाग में लेकर जांच के बजाय सुविधा नहीं होना लिखकर देना अनुशासनहीनता माना गया। चर्चा है कि इस कार्यवाही में लापरवाही से बड़ी सिफारिश थी, जो काफी ऊंचे स्तर पर होकर अस्पताल तक पहुंची थी, जिसके बाद बर्खास्तगी के साथ उनकी लेटलतीफी, आयुष्मान से इलाज में कोताही को भी आधार बनाया गया।

### लुका-छिपी का खेल

नेता सत्ता में जब तक रहता है, हर तरफ वाहवाही पाने सबको खुश करने में लगा रहता है। जैसे वह कुर्सी से उतरता है, उसी जनता से लुका-छिपी का खेल खेलने लगता है। राजधानी में कई मौकों पर



नेताओं से चंदा लेने लोग पहुंचते हैं। अब इसका ट्रेंड बदलने लगा है। पहले लोग अलग-अलग टोली में आकर मिलते और मुंहमांगी रसीद थमाकर नेता से अपनी बात मनवा लेते थे। अब ऐसा नहीं है, ऐसे मौकों पर नेता चुनिंदा लोगों से ही मिल रहे हैं। अगर चंदा लेने वाले सामने आ भी गए तो बहाना बनाकर उनको चलता कर देते हैं। एक नेता ने तो बचने सामने के गेट पर ताला लगवा दिया है और पीछे के दरवाजे से आना-जाना कर रहे हैं।

### दवा निगमः गलती की सजा

कहते हैं एक गलती को छिपाने के लिए कई गलतियां करनी पड़ती हैं। अब छत्तीसगढ़ के दवा निगम को ही लीजिए। पहले अरबों रुपए की दवाएं और रीएजेंट ऐसे खरीदे जिनकी जरूरत नहीं थी। अरबों मतलब अरबों। अभी भी कंपनियों का तीन चार सौ करोड़ का बिल पेंडिंग है। समस्या यह नहीं है। समस्या यह है कि अरबों रुपए के रीएजेंट और दवाएं बिना उपयोग के एक्सपायरी हो गईं। उन्हें ठिकाने लगाने के लिए पैसा चाहिए। वह भी लाखों में। बड़ी दिक्कत यह है कि एक्सपायरी दवाएं और रीएजेंट हजारों स्वास्थ्य केंद्रों में है।

### भाग्य बड़ा बलवान

राजनीति में कहा ही जाता है कि भाग्य की बड़ी भूमिका होती है। अगर भाग्य अच्छा हो तो सारे फैसले सटीक बैठते हैं। अगर भाग्य खराब हो तो सब उल्टा पुल्टा हो जाता है। याद कीजिए तरुण चटर्जी दादा को। भाजपा में थे तो रायपुर के सरताज थे, फिर जोगी जी के चक्कर में कांग्रेस ज्वाइन की और उसके बाद खेल ही खत्म। रामदयाल उइके याद कीजिए, वो जब कांग्रेस में गए भाजपा की सरकार बन गई। कांग्रेस में लौटे तो भाजपा की सरकार आ गई। इसी रास्ते पर नंदकुमार साय चल पड़े हैं। लग रहा था कि भूपेश सरकार रिपीट हो जाएगी, कांग्रेस चले गए। भाजपा सत्ता में आ गई। अब भाजपा में जाने के लिए फड़फड़ा रहे हैं।

### अरे यह क्या हो रहा है

दुर्ग सांसद विजय बघेल पेंशनधारी कर्मचारियों के मामले में खुलकर अपने ही लोगों को निशाने पर ले रहे हैं। मोहन भैया ने भी महंगे सीमेंट के लिए लैटर लिख मारे हैं। पुरंदर मिश्रा जी का पत्र भी वायरल हो गया है। वह भी बढ़ते अपराध से परेशान हैं और उप मुख्यमंत्री अरुण साव को पत्र लिखकर सीसीटीवी लगवाने की मांग कर रहे हैं। कांग्रेस कहां पीछे रहती। उसने तत्काल इन सब मामलों को मुद्दा बना लिया है। और भाजपा से पूछ लिया है कि यह क्या हो रहा है?

जिया कुरैशी, राजकुमार ग्वालानी, सुरेंद्र शुक्ला
प्रदीप शर्मा, विकास शर्मा, रुचि वर्मा

# डिजिटल क्रॉप सर्वे, हर किसान की फसल का दर्ज होगा ब्योरा

**जियो रेफरेंसिंग टेक्नोलॉजी की मदद से आज से डिजिटल क्रॉप सर्वे 30 तक चलेगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

एग्रीस्टेक परियोजना में खरीफ-2024 में डिजिटल फसल सर्वेक्षण के लिए धमतरी, महासमुंद और कबीरधाम जिले का पायलट प्रोजेक्ट के अंतर्गत चयन किया गया है। केंद्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्रालय द्वारा छत्तीसगढ़ में डिजिटल फसल सर्वे के लिए इन जिलों का चयन किया गया है। इन तीनों जिलों के प्रत्येक गांव में डिजिटल फसल सर्वेक्षण होगा। इसके अलावा राज्य के शेष जिलों में चयनित गांवों में डिजिटल फसल सर्वे का कार्य किया जाएगा। इसकी शुरुआत 9 सितंबर से होगी तथा 30 सितंबर तक इसे पूरा किया जाएगा। जियो रेफरेंसिंग टेक्नोलॉजी की मदद से डिजिटल क्रॉप सर्वे किया जाएगा। देश में कृषि भूमि का संपूर्ण राजस्व रिकॉर्ड डिजिटल फार्मेट में दर्ज करने की तैयारी है। इसका मकसद किसानों के हर खेत में बोई गई फसल और उससे होने वाली उपज का सटीक ब्योरा दर्ज कर किसानों को फसल बीमा सहित अन्य योजनाओं का लाभ दिलाना है। इस मकसद से छत्तीसगढ़ में डिजिटल क्रॉप सर्वे कराया जा रहा है। सरकार डिजिटल क्रॉप सर्वे में सेटेलाइट आधारित सर्वे मोबाइल एप के जरिए हर गांव में हर किसान के प्रत्येक खेत में बोई गई फसलों की पुख्ता जानकारी दर्ज करती है।

### बाजार से जुड़ेंगे किसान

बताया जाता है कि राज्य में किए जा रहे डिजिटल क्रॉप सर्वे के आंकड़ों को एग्रीटेक पोर्टल पर डाला जाएगा, इसके जरिए किसानों को उनकी उपज के लिए उचित बाजार उपलब्ध कराने में भी सहायता मिलेगी। राज्य स्तर पर इसके लिए मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण दिया गया है। छत्तीसगढ़ में हर खेत में लगी फसल का अब डिजिटल सर्वे होने के बाद किसानों की फसलों की सभी जानकारियां एग्रीस्टेक पोर्टल में दर्ज हो जाएंगी।



■ धमतरी, महासमुंद और कबीरधाम जिले का पायलट प्रोजेक्ट के अंतर्गत चयन

### हर किसान को मिलेगी आईडी

*अधिकारियों ने बताया कि डिजिटल क्रॉप सर्वे की संपूर्ण जानकारी एग्रीस्टेक पोर्टल में ऑनलाइन उपलब्ध रहेगी। सर्वे में शामिल हर खेत के मालिक के रूप में किसानों का एग्रीस्टेक पोर्टल में ही पंजीयन होगा। पोर्टल पर किसानों का पंजीयन होने के बाद उन्हें एक फार्मर आईडी दी जाएगी। आईडी के माध्यम से किसानों को बताया जाएगा कि उन्हें अपने किस खेत की कौन-सी फसल में कब कितनी खाद-पानी देना है।*

## जिला न्यायपालिका को सशक्त बनाने तथा सिविल तथा आपराधिक विधि पर मंथन

# न्यायपालिका में झूठ, बेबुनियाद मामलों के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ उच्च न्यायालय में जिला न्यायपालिका के सशक्तिकरण, सिविल एवं आपराधिक विधि पर राज्य स्तरीय कांफ्रेंस आयोजित की गई। कांफ्रेंस में न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा, पक्षकारों के संपर्क में सर्वप्रथम जिला न्यायपालिका आती है, ऐसी दशा में जिला न्यायपालिका की जिम्मेदारी और भूमिका महत्वपूर्ण है। यदि न्यायाधीश निर्णय लेने के लिए प्रतिबद्ध हैं तो कोई प्रक्रियात्मक एवं तकनीकी अड़चन एक तार्किक निर्णय लेने में बाधा नहीं बन सकती है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि न्यायदान में आने वाली तकनीकी व प्रक्रियात्मक बाधाओं के प्रति व्यक्तिगत दृष्टिकोण अपनाने के बजाय ऐसी बाधाओं के प्रभावी निवारण के लिए संस्थागत दृष्टिकोण अपनाया जाना चाहिए। उन्होंने तुच्छ व तुक्के वाली मुकदमेबाजी की बढ़ती प्रवृत्ति को हतोत्साहित करने के संबंध में जोर दिया कि न्यायपालिका में झूठ व बेबुनियाद मामलों के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। एक मजबूत व साहसी जिला न्यायपालिका तुच्छ व तुक्के वाली मुकदमेबाजी से निपटने में सक्षम हो सकती है। कांफ्रेंस के मुख्य अतिथि सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत और विशिष्ट अतिथि सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा एवं न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा रहे। कान्फ्रेंस के दौरान छत्तीसगढ़ जिला न्यायपालिका पर एक पुस्तक डिस्ट्रिक्ट कोर्ट्स ऑफ छत्तीसगढ़ का अनावरण न्यायमूर्तिगण द्वारा किया गया।



### सशक्त जिला न्यायालय बनाने की ओर अग्रसर : चीफ जस्टिस

*छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने बताया कि सभी के सामूहिक प्रयासों से हम एक सशक्त व प्रभावी जिला न्यायपालिका को सुनिश्चित करने में सक्षम होंगे और आज की यह कांफ्रेंस जिला न्यायपालिका को सशक्त करने की हमारे प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आज की यह कांफ्रेंस अपने उद्देश्यों को प्राप्त करेगी और हम लोग जिला न्यायपालिका के समक्ष चुनौतियों को और बेहतर ढंग से निपटने में सक्षम होंगे तथा अधिक सशक्त व प्रभावी जिला न्यायपालिका बनाने की दिशा में अग्रसर होंगे।*

### आम जनता की आस्था और विश्वास को बनाए रखें

*उन्होंने न्यायाधीश के गुणों के संबंध में बताया कि एक न्यायाधीश को बहादुर, साहसी व अपने अंतरात्मा के प्रति ईमानदार होना चाहिए। जिला न्यायपालिका के सदस्यों से कहा, जिला न्यायपालिका की अधीक्षण की शक्ति उच्च न्यायालय को प्राप्त है, अतः जिला न्यायपालिका, उच्च न्यायालय के प्रति अपनी अंतरात्मा के प्रति और सबसे महत्वपर्ण न्याय के आकांक्षी के रूप में आम जनता के प्रति जवाबदेह है। उन्होंने आम जनता के प्रति जिला न्यायपालिका की जिम्मेदारी के संबंध में कहा, एक पक्षकार किसी न्यायाधीश को नहीं जानता और वह इस आस्था व विश्वास के साथ आता है कि उसके साथ न्याय होगा।*

### न्यायिक निर्णय साक्ष्य व तर्कों के आधार पर हो

*न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा ने जिला न्यायपालिका के भूमिका व महत्व पर जोर देते हुए कहा, भारत में जिला न्यायपालिका केवल वैधानिक न्यायालय ही नहीं है, बल्कि इसकी जड़ें भारत के संविधान में अवस्थित हैं। जिला न्यायपालिका स्थानीय स्तर पर लोगों की प्रथा, रीति-रिवाज, बोली को ज्यादा अच्छे तरीके से समझती है।*

# साव बोले- अफजल की फांसी पर उमर अब्दुल्ला की टिप्पणी घोर राष्ट्रविरोधी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने भारतीय संसद पर हमले के दोषी अफजल को दी गई फांसी की सजा को लेकर जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस नेता उमर अब्दुल्ला की उस टिप्पणी को घोर राष्ट्रविरोधी, अलगाववादी और दुर्भाग्यपूर्ण बताया है, जिसमें अब्दुल्ला ने कहा था, अगर उनकी राय ली जाती तो वे फांसी के लिए मना कर देते। श्री साव ने कहा, ऐसा कहकर अब्दुल्ला ने क्या साबित करने की चेष्टा की है। अगर भारत के खिलाफ षड्यंत्र रचने वालों को फांसी दी गई है तो अब्दुल्ला को क्यों तकलीफ हो रही है, और नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ गठबंधन करके जम्मू-कश्मीर में चुनाव लड़ रही कांग्रेस, जिसके नेतृत्व वाली संप्रग सरकार के कार्यकाल में सन 2013 में फांसी दी गई थी, इस पर खामोश क्यों है? क्या कांग्रेस इस राय से इत्तेफाक रखती है। श्री साव ने कहा, संसद पर जिस आतंकवादी ने हमला किया और देश के लोकतंत्र को तबाह करने का षड्यंत्रपूर्वक दुस्साहस किया, देश के कई जनप्रतिनिधियों को मार डालने का षड्यंत्र किया, देश की अस्मिता को चोट पहुंचाई। अगर उमर अब्दुल्ला की चलती तो ऐसे आतंकवादी को फांसी देने नहीं देते। ऐसे देश विरोधी, राष्ट्रविरोधी आतंकवादी समर्थक उमर अब्दुल्ला के साथ कांग्रेस गठबंधन करके जम्मू-कश्मीर में चुनाव लड़ रही है।



■ उप मुख्यमंत्री का सवाल- क्या अब्दुल्ला की राय से इत्तेफाक रखती है कांग्रेस

# विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण पर भी ध्यान दें शिक्षक : बृजमोहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

शिक्षा समाज के विकास और प्रगति का आधार है और इसमें शिक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। शिक्षक न केवल ज्ञान प्रदान करते हैं, बल्कि छात्रों के व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं और उन्हें समाज का जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करते हैं। शिक्षकों के मार्गदर्शन से ही विद्यार्थी अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं और समाज में सकारात्मक योगदान दे सकते हैं। ये बातें रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने रविवार को उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खोखो पारा पुरानी बस्ती में आयोजित शिक्षक एवं भूतपूर्व छात्र सम्मान समारोह में कही। उन्होंने कहा, हमारे धर्म और संस्कृति में शिक्षा को बहुत उच्च स्थान दिया गया है और इसे मंदिर की तरह पवित्र माना जाता है। शिक्षा को ज्ञान का स्रोत माना गया है, जो व्यक्ति के जीवन को सही दिशा देने के साथ-साथ उसके चरित्र निर्माण और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक होती है। इसलिए शिक्षक और शिक्षा को हमारे धर्म में विशेष सम्मान और आदर दिया गया है। शिक्षण स्थल को ज्ञान का मंदिर कहा जाता है। जिसे बेहतर बनाने के लिए हम सभी को अपना बहुमूल्य योगदान देना चाहिए। शिक्षकों को विद्यार्थियों की शिक्षा के साथ ही उनके चरित्र निर्माण पर भी जोर देना चाहिए।



# प्रदेश में अब तक बने भाजपा के छह लाख से ज्यादा सदस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

भाजपा के सदस्यता अभियान का काफी तेजी के साथ आगाज हुआ है। प्रदेश में 6 सितंबर से बूथों में सदस्यता अभियान का प्रारंभ किया गया है। वैसे इसके पहले से ही तभी से सदस्य बनने प्रारंभ हो गए हैं, जब 2 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पहले सदस्य बनने के साथ ही मिस्ड कॉल से सदस्यता के लिए मोबाइल नंबर जारी किया गया था। इसके बाद 3 सितंबर को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को राजधानी के साइंस कॉलेज के पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में एक बड़ा कार्यक्रम करके सदस्य बनाया गया।

■ प्रदेश भाजपा को मिला है 50 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य




### तेजी से बन रहे हैं सदस्य

प्रदेश में सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा के कार्यकर्ताओं के साथ प्रदेश की जनता में भी भारी उत्साह है। काफी तेजी के साथ सदस्य बन रहे हैं। अब तक छह लाख से ज्यादा सदस्य बन गए हैं। 50 लाख का आंकड़ा आसानी से पार हो जाएगा।
- **अनुराग सिंहदेव**, प्रदेश संयोजक, भाजपा सदस्यता अभियान समिति

### बूथों में बड़ा अभियान

*प्रदेश में सदस्य बनाने के लिए सबसे बड़ा अभियान बूथों में चलाया जा रहा है। प्रदेश के करीब 25 हजार बूथों में 6 सितंबर से एक साथ अभियान प्रारंभ किया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राजधानी रायपुर की उत्तर विधानसभा के एक बूथ में जाकर लोगों को सदस्य बनाकर अभियान का प्रारंभ किया। प्रदेश के मंत्री, भाजपा के दिग्गज नेता भी लगातार बूथों में जाकर सदस्य बनाने का काम कर रहे हैं। हर बूथ में 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है।*



## खबर संक्षेप



### विधायक शर्मा ने दिलवाई सामूहिक स्वच्छता की शपथ

**रायपुर।** राजधानी सहित आउटर के वार्डों में शनिवार से स्वच्छता ही सेवा अभियान प्रारंभ हो गया। धरसींवा क्षेत्र के विधायक अनुज शर्मा ने प्रोफेसर कालोनी जोरा क्षेत्र में रहवासियों को सामूहिक स्वच्छता की शपथ दिलाई। इसके साथ ही इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में जोन 9 के अधिकारी व कर्मचारियों सहित विश्वविद्यालय के स्टाफ की ओर से सामूहिक स्वच्छता की शपथ ली गई। नगर निगम के 10 जोनों में स्वच्छता ही सेवा अभियान शुरू हुआ। जोन 7 की टीम ने महंत तालाब कोटा में अभियान चलाकर तालाब की सफाई करवाई। नगर निगम जोन 8 के टाटीबंध क्षेत्र स्थित हॉटल सरोवर पोर्टिको और गगन रीजेंसी के स्टाफ सहित जोन 9 के अधिकारी और कर्मचारियों ने सामूहिक स्वच्छता की शपथ ली।

### नरोत्तम को खुमरी पहनाकर किया सम्मानित



**रायपुर।** रायपुर राज अध्यक्ष संतोष यदु द्वारा नवाचारी व्याख्याता (डौंडी ब्लॉक ग्राम गोटिया) नरोत्तम यदु, गृहग्राम रवेली ब्लॉक अभनपुर जिला रायपुर का चयन राज्यपाल पुरस्कार के लिए होने पर यादव ठेठवार समाज रायपुर राज अंतर्गत कोलर मुजगहन पार के सामाजिक बंधुओं द्वारा उनके गृहग्राम पहुंच कर पारंपरिक तरीके से रायपुर राज अध्यक्ष संतोष यदु ने खुमरी पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित कोलर मुजगहन पार के समाजिक बंधुओं द्वारा अपनी भावना को प्रकट किया गया कि नरोत्तम यदु गुरुजी का राज्यपाल पुरस्कार के लिए चयन हुआ है, यह हमारे यादव ठेठवार समाज के लिए गौरव की बात है। कोलर-मुजगहन पार के पदाधिकारियों में प्रमुख रूप से रायपुर राज अध्यक्ष संतोष यदु (सलौनी) के साथ-साथ धर्मेंद्र यदु, हरिराम यदु, मेहतर यादव, दौलत राम यदु, उमेंद राम यदु, शंकर यदु, गिरधारी यदु, प्रभू यादव,शिव यदु, शैलेंद्र यदु, लीलू यदु सम्मिलित हुए।

## निधन

### गुलाबचंद बरमट




**रायपुर।** जैन मंदिर विवेकानंद नगर निवासी गुलाबचंद बरमट का 7 सितंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 8 सितंबर को मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे कैलाश, बसंत, सुरेश के चाचा और दीपक, मनीष के पिता थे।

### विजय चेतवानी



**रायपुर।** गंगा विहार अमलीडीह निवासी विजय चेतवानी का 8 सितंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 9 सितंबर को सुबह 10 बजे निवास स्थान से तेलीबांधा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे रवि, नरेश, अजय चेतवानी के भाई एवं प्रथम चेतवानी के पिता थे।

### गुमशुदा की तलाश



नाम महेन्द्र कुमार उपाध्याय उम्र लगभग 57 वर्ष निवासी- एकता नगर गुढियारी रायपुर छ.ग. का निवासी है, एम्स में इमरजेंसी में एडमिट किया गया था, मानसिक स्थिति खराब होने के कारण दिनांक 07/09/2024 शुक्रवार को सुबह 8.30 के लगभग रायपुर एम्स हॉस्पिटल से अचानक गायब है। जिसकी रिपोर्ट अमानाका थाना दर्ज कराया गया है। जिस किसी सज्जन को कहीं भी दिखाई दे कृपया इस मो. नंबर पर सूचित करे, सूचना देने वाले को उचित ईनाम दिया जावेगा।

**मो.नं.- 9755112725, 9993979400, 9303508124**

# दर्जनभर प्रोजेक्ट तैयार, निकाय चुनाव के लिए आचार संहिता लगने से पहले ही होगा लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दिसंबर माह में होने जा रहे नगरीय निकाय चुनाव से पहले नगर निगम और स्मार्ट सिटी प्रबंधन द्वारा आम जनता की सुविधा के लिए तैयार दर्जनभर प्रोजेक्ट का लोकार्पण कराने की तैयारी है। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने बताया कि नए उद्यमियों के लिए आईएसबीटी में इनक्यूबेशन और को-वर्किंग सेंटर लांच किया जाएगा। इसी तरह शास्त्री बाजार का 4 मंजिला व्यवसायिक परिसर, नवनिर्मित बैडमिंटन कोर्ट, भाठागांव में 12 एमएलडी के री-सर्कुलेशन प्लांट समेत दर्जनभर प्रोजेक्ट की माहांत तक लोकार्पण कराने की तैयारी है।

***8 करोड़ का री-सर्कुलेशन प्लांट तैयार :*** अमृत मिशन के तहत भाठागांव स्थित फिल्टर प्लांट के अंदर 12 एमएलडी की क्षमता वाला री-सर्कुलेशन प्लांट बनकर तैयार है। इस प्लांट से रोजाना पानी शुद्धिकरण के दौरान फिल्टर प्लांट से बहकर नाले में बेकार जाने वाले 8 एमएलडी के गंदा पानी को उपचारित कर उपयोग लायक बनाया जाएगा, यानी फिल्टर प्लांट से निकलने वाला वेस्ट वाटर अब बेकार नहीं जाएगा। इसे री-सर्कुलेशन प्लांट में उपचारित कर फिर से पीने के लायक बनाकर काम में लाया जाएगा। 8 करोड़ की लागत से नवनिर्मित इस प्लांट का लोकार्पण इसी माह के अंत तक होना तय है।

***निखरा पहाड़ी तालाब, सौंदर्यीकरण, गहरीकरण, 3 नए घाट :*** नगर निगम ने पंद्रहवें वित्त आयोग जल घटक मद से राजधानी के पहाड़ी तालाब का गहरीकरण और सौंदर्यीकरण का काम पूरा किया है। साथ ही पाथवे, योगा जोन, लैंडस्केपिंग कार्य, मेनरोड से लगे एंट्री पाइंट को आकर्षक लुक देने का काम, एक्सरसाइज के लिए नए जिम इक्विपमेंट के अलावा लोगों की सुविधा के लिए 3 नए घाट बनवाए हैं। 2.5 करोड़ की लागत से पहाड़ी तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य का लोकार्पण इसी माह होगा। अपर आयुक्त विनोद पांडे ने बताया कि पहाड़ी तालाब को संरक्षित कर इसका गहरीकरण और सौंदर्यीकरण कराया गया है।

## शास्त्री बाजार का 4 मंजिला व्यवसायिक परिसर, बैडमिंटन कोर्ट सहित अन्य सुविधाएं

### आईएसबीटी में निगम का को-वर्किंग और इनक्यूबेशन सेंटर

राजधानी में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने नगर निगम भाठागांव स्थित बस टर्मिनल परिसर में नए उद्यमियों के लिए आधुनिक सेंटर लांच करने जा रहा है। पहले चरण में 150 प्रतिभागियों को व्यवसायिक गतिविधियों को जानने व समझने का मौका मिलेगा। नए उद्यमियों को मार्गदर्शन देने इस सेंटर में 3 छोटे और 1 बड़े कांफ्रेंस हॉल बनकर तैयार हैं। मनोरंजन के लिए गेम्स और बैठने के स्थानों के साथ एक सामुदायिक हॉल बनाया गया है। वाई-फाई की सुविधा वाले इस कैंपस का जल्द लोकार्पण होगा।



### बंधवापारा में अस्पताल

खेलकूद में दिलचस्पी रखने वाले खिलाड़ियों के अभ्यास के लिए स्पोर्ट्स जोन, बैडमिंटन कोर्ट और आम जनता के स्वास्थ्य जांच की सुविधा के लिए महंत लक्ष्मी नारायण दास वार्ड के बंधवापारा में महिला व पुरुषों के स्वास्थ्य जांच के लिए सामुदायिक अस्पताल भवन का लोकार्पण होगा। साथ ही माई की बगिया का सौंदर्यीकरण, जिसमें 7 मंदिरों का निर्माण शामिल है।



### दर्जनभर प्रोजेक्ट तैयार

नगर निगम और रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के दर्जनभर प्रोजेक्ट का काम पूरा हो गया है। इसका लोकार्पण जल्द कराया जाएगा। साथ ही 24 घंटे जल आपूर्ति प्रोजेक्ट को समयसीमा में पूरा करने निर्देशित किया है। - ***अबिनाश मिश्रा,*** *आयुक्त, ननि रायपुर*

### चारमंजिला शास्त्री बाजार व्यवसायिक परिसर

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा शास्त्री बाजार में 4 मंजिला व्यवसायिक परिसर बनकर तैयार है। इसके प्रत्येक तल पर 21 दुकानें बनाई गई हैं। नवनिर्मित इस परिसर का लोकार्पण माहांत तक कराने की तैयारी है। बेसमेंट पार्किंग और लिफ्ट की सुविधा के साथ बाजार को सुव्यवस्थित करने में इससे मदद मिलेगी।

## बस में सफर करने महिलाएं सड़क पर कर रहीं घंटों इंतजार, तीज के बाद लौटना भी जरूरी

# तीज से लौटने बसों में खाली सीट के लिए लंबा इंतजार भीड़ इतनी कि खड़े होने की जगह तक नहीं मिल रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

प्रदेश में तीज का पर्व खत्म होने के बाद महिलाएं अब एक बार फिर से मायके से लौटने लगी हैं। ऐसे में बसों में भीड़ बढ़ने से सफर करना भी मुश्किल हो गया है। जिन जगहों पर ट्रेन की सुविधा नहीं है, उस रूट की बसों में भीड़ सर्वाधिक देखने को मिल रही है। बलौदाबाजार, सरायपाली, पिथौरा समेत गरियाबंद व मैनपुर की बसों में तीज से लौटने वाली महिलाओं की भीड़ अधिक है। रविवार को शहर के यात्री प्रतीक्षालय व सड़क किनारे समेत दुकानों के पास महिलाएं बस के लिए घंटों इंतजार करती नजर आईं। कुछ महिलाओं ने अधिक भीड़ होने से दूसरी खाली बस के लिए इंतजार किया। दोपहर के वक्त सरायपाली के लिए कुछ बसों में इतनी अधिक भीड़ थी कि पैर रखने तक की जगह नहीं मिली। इसके बाद भी बस के कंडेक्टर जबरन सवारी बैठा रहे थे। यात्रियों ने बताया कि भीड़ अधिक होने से जब उतरना होता है तो उक्त स्थान पर न रोककर 200 से 500 मीटर की दूरी पर रोककर धक्के मारते हुए उतारते हैं। लोकल ट्रेनों के रद्द होने से दुर्ग, भिलाई और रायगढ़ की बसों में भी तीज को लेकर भीड़ रही।

### बसों के दरवाजे पर लटकने को मजबूर

आमतौर पर लंबी दूरी की बसों में ही एडवांस में बुकिंग होती है, लेकिन तीज खत्म होने के बाद घर जाने के लिए लोग एक दिन पहले से ही अपनी सीट बुकिंग करा रहे हैं, ताकि बैठने के लिए सीट मिल सके।

रायपुर से सरायपाली के चलने वाली बस के संचालक ने बताया कि बस में जो पहले आता है, सीट उन्हें ही मिलती है, लेकिन कुछ लोग एक दिन पहले बस स्टैंड पहुंचकर सीट बुकिंग करा रहे हैं। पहली बार ऐसी स्थिति बनी है। दोपहर के समय बसों में भीड़ है, लेकिन सुबह और रात के समय बस स्टैंड से ही ओवरलोड बसों का संचालन हो रहा है। यात्री बसों के दरवाजे पर लटककर यात्रा करने के लिए मजबूर हैं।



### जनरल कोच फिर खचाखच

ट्रेनों में भीड़ इस कदर बढ़ गई है कि यात्रियों को दरवाजे पर लटकते हुए सफर करना पड़ रहा है। जनरल कोच में तय सीमा से अधिक यात्री सफर कर रहे हैं। रविवार को इतवारी पैसेंजर यात्रियों से खचाखच भरी रही। इसके अलावा एक्सप्रेस ट्रेन के स्टेशन में रुकते ही भीड़ दोगुनी हो गई। यात्री सीट तक पहुंचने के लिए मशक्कत करते नजर आए। कोच में खड़े होने की जगह नहीं होने के बाद भी यात्री जबरन चढ़ने का प्रयास करते रहे।



### लोकल ट्रेन ने बढ़ा दी यात्रियों की समस्या

लोकल ट्रेनों के रद्द होने से यात्रियों की समस्या और बढ़ गई है। लोकल ट्रेन में 30 किलोमीटर तक सफर करने के मात्र 10 रुपए लगते हैं। वहीं बस में यात्रियों को 40 रुपए देने पड़ते हैं। यही कारण है कि ज्यादातर लोग लोकल ट्रेन में सफर करना पसंद करते हैं, लेकिन रेलवे लगातार एक्सप्रेस के साथ लोकल ट्रेनों को भी रद्द कर रहा है। जानकारी के मुताबिक, दो महीने में 80 से अधिक लोकल ट्रेनें रद्द हो चुकी हैं। दैनिक यात्री इस वजह से बसों में सफर करने लगे हैं। तीज पर्व करीब आने से बसों में यात्रियों का लोड एक बार फिर बढ़ता हुआ नजर आ रहा है। सड़कों पर चारपहिया व दोपहिया वाहनों की आवाजाही बढ़ गई है।

# हमारी शिक्षा ऐसी होनी चाहिए, जो अच्छे चरित्र का निर्माण करे




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- शांति सरोवर में मनाया शिक्षक दिवस समारोह

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के शिक्षाविद सेवा प्रभाग द्वारा शांति सरोवर रिट्रीट सेंटर में शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया, जिसका विषय था- श्रेष्ठतम समाज के लिए मूल्य आधारित शिक्षा। इस मौके पर हेमचंद विश्वविद्यालय दुर्ग के कुलपति डॉ. अरूणा पल्टा ने स्वामी विवेकानंद का स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने कहा था, हमारी शिक्षा ऐसी होनी चाहिए, जो अच्छे चरित्र का निर्माण करे। आज समाज में अच्छे चरित्र की सबसे अधिक कमी महसूस हो रही है।

हाल ही में कोलकाता में घटित घटना इसी तथ्य की ओर ईशारा कर रही है। अगर हम चरित्र का निर्माण नहीं कर पा रहे तो कितनी भी अच्छी शिक्षा हम दें, उसका कोई औचित्य नहीं है। इस कार्यक्रम को पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सच्चिदानंद शुक्ल, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) के डायरेक्टर डॉ. एनवी रमना राव, कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बल्देव भाई शर्मा, हेमचंद विश्वविद्यालय दुर्ग के कुलपति डॉ. अरूणा पल्टा तथा रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी और रुचिका दीदी ने संबोधित किया।

# प्रकृति और मानव के बीच अटूट रिश्ते को दर्शाता है नुआखाई पर्व



**रायपुर।** उत्कल समाज द्वारा प्रदेशभर में रविवार को नुआखाई महापर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सामाजिक लोगों ने अपने-अपने परिवार सहित अपने आराध्य ईष्ट देवी-देवताओं को सर्वप्रथम नवान्न का भोग चढ़ाकर पूजा-अर्चना करते हुए परिवार समाज और छत्तीसगढ़ प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इस मौके पर सामाजिक नेता अधिवक्ता भगवानू नायक ने कहा, कृषि प्रधान हमारे भारतवर्ष का यह नुआखाई महान पर्व है, जो प्रकृति और मनुष्य के बीच में एक अटूट रिश्ते को दर्शाता है, जहां पर प्रकृति इंसान को अन्न देकर उसका भरण-पोषण करती है तो इंसान इसके बदले उसको धन्यवाद देते हुए उसकी पूजा-अर्चना करता है। प्रकृति की पूजा करते हुए नवजीवन की कामना करता है। इसी दौरान युवा नेता आशीष तांडी, बैकुंठ सोना, जितेंद्र नायक, जयलाल नायक, संतोष क्षत्रि, संजय कुमार, पारस नायक, बिट्टू क्षत्रि, अजीत कुमार, मनोज सोना, पुरुषोत्तम यादव, जगन्नाथ सागर, शंकर सोना आदि शामिल थे।

# डॉ. महंत बोले- साय की सरकार कौन चला रहा, स्पष्ट करे भाजपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. चरणदास महंत ने रविवार को मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि मेरे द्वारा छत्तीसगढ़ में धान को लेकर जो सवाल उठाया गया है, उस पर विष्णुदेव साय सरकार व उनको चलाने वाले किसी भी मंत्री या अन्य नेताओं का कोई भी स्पष्टीकरण नहीं आया है, यह बेहद दुखद बात है।



डॉ. महंत ने सवाल किया है कि क्या साय सरकार ने मान लिया है कि भाजपा सरकार में 1 हजार करोड़ का घोटाला हुआ है? डॉ. महंत ने कहा कि प्रदेश में विपक्ष सकारात्मक भूमिका के साथ जनता के दुख-दर्द और समस्याओं को प्रमुखता से उठा रहा है, लेकिन सुनने वाला कोई नहीं है। अब तो विपक्ष के साथ-साथ दुर्ग के भाजपा सांसद विजय बघेल ने भी साय सरकार को अपने वादे निभाने का स्मरण कराया है। उन्होंने कहा, प्रदेश भाजपा के कद्दावर नेता व आठ बार के विधायक और मंत्री रहे रायपुर लोकसभा के भाजपा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने भी छत्तीसगढ़ में सीमेंट के एकाएक बढ़ी कीमत को लेकर सवाल उठाया है और प्रति बोरी 50 रुपए कीमत में हुई वृद्धि कम करने कहा है।

डॉ. महंत ने सवाल किया है कि हम जानना चाहते हैं कि 50 रुपए की वसूली आखिर किसके लिए हो रही है? कहीं चार राज्यों में चुनाव के लिए भाजपा सरकार फंड तो इकट्ठा नहीं कर रही है? साय सरकार को जवाब देना चाहिए।

### जवाब क्यों नहीं दे रही भाजपा

डॉ. महंत ने यह भी कहा कि अब तो प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा के बयान और रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा द्वारा छत्तीसगढ़ में घट रहे अपराधों को लेकर जो सवाल किए गए हैं, उसका भी जवाब साय सरकार को देना चाहिए। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि प्रदेश के लोग जानना चाहते हैं कि छत्तीसगढ़ के साय सरकार को आखिर चला कौन रहा है? यदि यह सरकार केंद्र के इशारे पर चल रही है तो लोकसभा के सदस्यों के सवालों का जवाब आखिर भाजपा क्यों नहीं दे रही है? डॉ. महंत ने कहा कि छत्तीसगढ़ में विकास के नाम पर सात महीनों में सरकार ने कोई ठोस कार्य नहीं किया है, जबकि इस सरकार को विपक्ष ने 6 महीने का पूरा समय दिया।

# प्रगतिशील सतनामी समाज की बैठक में सरकार से रखीं कई मांगें



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सतनाम भवन में रविवार को प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज की बैठक हुई। बैठक में जेल में बंद लोगों के परिजन और सभी सतनामी समाजजन शाामिल हुए।

इस दौरान समाज के लोगों ने प्रमुखता से सरकार से कई मांगें की हैं, जिसमें सभी लोगों को, सभी धाराओं को शून्य करके निशर्त रिहाई दी जाए, गिरौधपुरी के जैतखाम को असामाजिक तत्वों द्वारा नुकसान पहुंचाने की सीबीआई जांच और बलौदाबाजार घटना की भी सीबीआई जांच, असली अपराधी की गिरफ्तारी की जाए।

सरकार और कड़ी से कड़ी सजा दे, सरकार अगर निशर्त रिहाई, सीबीआई जांच नहीं करती और जैतखाम को नुकसान पहुंचाने वाले असली आरोपी को पुलिस नहीं पकड़ती है तो इसी महीने के अंदर सतनामी समाज के लोग अलग-अलग अपने राज्यों के लोगों को और देश-विदेश में रहने वाले लोगों को बुलाकर जेल भरो महा आंदोलन करेंगे।

### अंधेरी रात, चारों...

को ध्यान में रखते हुए पुलिस सहायता केंद्र खोलने का निर्णय लिया गया था, जिसे बाद में उन्नयन कर चौकी तथा थाने में तब्दील करना है। वर्तमान में यहां के रहवासियों की मांग को देखते हुए कमल विहार में पुलिस सहायता केंद्र खोल तो दिया गया, लेकिन किसी तरह से अलग से स्टाफ की नियुक्ति नहीं की गई है। टिकरापारा थाने की पुलिस रूटीन में दो पुलिसकर्मियों को वहां तैनात कर देती है। जिन पुलिसकर्मियों की वहां तैनाती होती है। वे सहायता केंद्र में भी नजर नहीं आते। कमल विहार का इलाका मुजगहन थाना क्षेत्र की सीमा तक है। **शैक्षणिक संस्थान, अस्पताल भी यहां :** कमल विहार इलाके में कई महत्वपूर्ण शैक्षणिक संस्थान तथा अस्पताल संचालित हो रहे हैं। अस्पताल संचालित होने की वजह से यहां दिन के अलावा रात के समय लोगों की आवाजाही रहती है। विषम परिस्थिति निर्मित होने की स्थिति में अस्पताल में मरीज का उपचार कराने आने वाले लोगों को मदद तक नहीं मिल पाएगी, वर्तमान में कमल विहार में स्थिति ऐसी है।

### पुलिस अफसर का ये कहना है...

एएसपी सिटी लखन पटले के मुताबिक, पुलिस सहायता केंद्र में जरूरत के हिसाब से बल की व्यवस्था की जाती है। पुलिस की बाइक पेट्रोलिंग कमल विहार में नियमित होती है। सहायता केंद्र का चौकी के रूप में उन्नयन होने के बाद अलग से बल तथा स्टाफ की व्यवस्था की जाएगी।

## पेज 09 के शेष ...

### कूड़ा-करकट से...

का 350 करोड़ का प्रोजेक्ट तैयार कर केंद्र सरकार के पास मंजूरी के लिए भेजा है। इसमें 135 करोड़ रुपए केंद्र सरकार से मिलेंगे, जबकि बाकी की राशि राज्य शासन और नगर निगम से मिलनी है। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक, फंड का आधा हिस्सा लोन के रूप में होगा, जिसे भुगतान करना होगा। इस प्रोजेक्ट में रायपुर नगर निगम को 60 करोड़ का ग्रांट भी मिलेगा। **बिलासपुर के प्रोजेक्ट को पहले फेज में मिली मंजूरी :** स्वच्छ भारत मिशन के अधिकारियों का कहना है कि सिटीज 2 श्रेणी में बिलासपुर नगर निगम के बायोकंपोस्ट एनर्जी प्लांट के प्रोजेक्ट को केंद्र से पहले फेज में मंजूरी मिल गई है। उसे 135 करोड़ का फंड एलोकेट होगा। इसके लिए संबंधित नगरीय निकाय से डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट मंगाई गई है।

### आईआरसीटीसी ने जोन...

को दूसरे जोन में जाना पड़ता है। बता दें कि पश्चिम और उत्तर रेलवे में आईआरसीटीसी ट्रैवलिंग पैकेज बनाता है, लेकिन उन ट्रेनों का रूट छत्तीसगढ़ नहीं होने से यात्रियों को लाभ नहीं मिल पाता है।

### भारत गौरव ट्रेन...

जानकारी के मुताबिक, पमरे के यात्रियों के लिए तीर्थयात्रा या पर्यटन जाने के लिए यह सुविधा दी जा रही है। जिसके माध्यम से यदि किसी यात्री को आईआरसीटीसी का पैकेज चाहिए होगा तो 6 ट्रेनों में अपनी सीट बुक कराकर जा सकते हैं। इसमें आईआरसीटीसी ने भारतीय रेल से इन ट्रेनों में छह से लेकर 12 सीटें अलग-अलग दिन आरक्षित करा ली हैं।

### बांस फंसाकर ग्रिल...

दर्ज कराई। घटना दिनांक को चोरों ने एक साथ दो घरों को निशाना बनाया। पुलिस के मुताबिक, प्राइवेट जॉब करने वाले चंदन झा ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। मौके पर पड़ताल करने पहुंची पुलिस ने पाया कि चोरों ने गमछा और बांस फंसाकर खिड़की की ग्रिल को मोड़ दिया। ग्रिल मोड़ने के बाद बदमाश खाली जगह से मकान के अंदर दाखिल हुए और आलमारी में रखी नकदी तथा जेवरों पर हाथ साफ गए। पुलिस को आशंका है कि मकान के गेट में लगा ताला तोड़ने पर आवाज आती और चोर पकड़े जाते, इसलिए शातिर मकान की चारदीवारी फांदकर अंदर दाखिल हुए और ग्रिल को मोड़कर मकान के अंदर घुसे।

### शराब खरीदने के...

भिड़ गए। इस दौरान एक युवक ने अपनी जेब से चाकू निकालकर दूसरे युवक की जांघ पर हमला कर दिया। पुलिस ने शराब दुकान तथा आसपास किसी भी तरह की चाकूबाजी की घटना से इनकार किया है।

**सीएम साय आज कई कार्यक्रमों में होंगे शामिल :** रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 9 सितंबर को राजधानी रायपुर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। जारी कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक कृषि महाविद्यालय के कृषि मण्डपम में आयोजित भगवान श्री बलराम जयंती एवं किसान दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री इसके पश्चात शंकर नगर में तीजा मिलन कार्यक्रम तथा अपरान्ह 3.30 बजे से 4.30 बजे तक रायपुर के इंडोर स्टेडियम में तपस्वी सत्कार समारोह में शामिल होंगे।



# हेलीपैड पर वीआईपी के अलावा किसी वाहन को अनुमति नहीं, 3 किमी. क्षेत्र में ड्रोन प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

छत्तीसगढ़ के विमानन विभाग ने हेलीपैड बनाने के संबंध में जारी एक एसओपी (स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग सिस्टम) जारी कर कहा है कि हेलीपैड पर वीआईपी के अलावा किसी और वाहन को प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। हेलीपैड पर जहां हेलीकाप्टर को उतरने की अनुमति दी गई है, वहां तीन किलोमीटर क्षेत्र में ड्रोन उतरने की भी अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। विमानन विभाग ने पिछले महीने हेलीपैड बनाए जाने के संबंध में जारी एसओपी में कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए हैं। सबसे खास बात ये है कि वीआईपी हेलीपैड की उपयुक्त गुणवत्ता की संपूर्ण जिम्मेदारी जिला मजिस्ट्रेट और पुलिस अधीक्षक की होगी। एक ही हेलीपैड से दो हेलीकॉप्टर संचालन के मामले में दो हेलीपैड सर्कल कम से कम 30 मीटर की दूरी पर होने चाहिए।

**हेलीपैड क्षेत्र से घास न हटाएं-** हेलीपैड की सतह कठोर, घास वाली या कंक्रीट जैसी भी हो सकती है। यह ध्यान रखना चाहिए कि सतह पर घास धूल को कम करने में मदद करती है, इसलिए हेलीपैड क्षेत्र से घास को नहीं हटाया जाना चाहिए। इसके अलावा बैरिकेड्स के अंदर के क्षेत्र में धूल, मिट्टी नहीं होनी चाहिए।

## प्रदेश के विमानन विभाग ने जारी किया एसओपी, वीईपी हेलीपैड की जिम्मेदारी कलेक्टर-एसपी की

### यहां नहीं बना सकते हेलीपैड

हेलीपैड बनाने के लिए स्थल का चयन एक महत्वपूर्ण काम है। इस संबंध में कहा गया है कि कम से कम दो विपरीत पक्षों को ऊंचे पेड़ों, इमारतों, मोबाइल टॉवर, पानी टंकी, सिग्नल एंटीना आदि जैसी बाधाओं से मुक्त रखना महत्वपूर्ण है। यात्रियों के आगमन, प्रस्थान के समय हेलीपैड में भीड़ पर नियंत्रण हो। हेलीकॉप्टर की रोटर ब्लेड बंद होने तक किसी को भी हेलीपैड बैरिकेड्स में प्रवेश नहीं करना चाहिए। उसके बाद ही आने वाले वीआईपी के स्वागत के लिए सीमित रिसेप्शन पार्टी को अंदर जाने की अनुमति दी जा सकती है। वीआईपी के हेलीपैड से प्रस्थान के बाद, किसी को भी बैरिकेड्स के अंदर जाने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।



### वीआईपी वाहन को ही प्रवेश

हेलीपैड के अंदर वीआईपी के अलावा किसी अन्य वाहन को जाने की अनुमति नहीं होगी, सिवाय हेलीकॉप्टर के लिए ईंधन ले जाने वाले वाहन के। फायर टेंडर, एम्बुलेंस और ईंधन वाहन का स्थान बैरिकेड्स के बाहर ऐसी जगह पर होना चाहिए, जहां से वे भीड़ से बाधित हुए बिना हेलीपैड के अंदर पहुंच सकें। यह भी कहा गया है कि इन वाहनों की पार्किंग का स्थान हेलीकॉप्टर के लिए एप्रोच, टेकऑफ कोन क्षेत्र में नहीं होना चाहिए। हेलीकॉप्टर के उतरने, स्टार्ट-अप और टेकऑफ के समय जरूरत पड़ने पर तुरंत कार्रवाई के लिए उपयुक्त फायर टेंडर उपलब्ध होना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### युवा व्यापारियों को दिए बिजनेस ग्रोथ के सूत्र



**रायपुर।** युवा कैट द्वारा एक निजी होटल में आयोजित बिजनेस सेमिनार में मोटिवेशनल ट्रेनर और आर्थिक मामलों के जानकार सीए अमित चिमनानी पहुंचे। अमित ने युवा व्यापारियों को संबोधित करते हुए बिजनेस ग्रोथ के 16 सूत्र शेयर किए। अमित ने कहा, बिजनेस ग्रोथ करनी है तो मन में पैसे कमाने की भूख पैदा करनी होगी। ऐसे हर व्यक्ति और चर्चा से दूर रहना होगा, जो आपको डिमोटिवेट करे। श्री चिमनानी ने पॉजिटिव सोच के व्यक्तियों के साथ ज्यादा रहने का सुझाव देते हुए बताया, विश्व के सबसे मशहूर वैज्ञानिक आइंस्टीन का ड्राइवर उनके लेक्चर में उनके साथ जाता था और ध्यान से सुनता था। एक बार ड्राइवर ने आइंस्टीन से कहा, आपका एक लेक्चर मैं भी दे सकता हूं और उसने देने में सफलता हासिल की, कहने का अर्थ है।

### कार में मिली अज्ञात महिला की लाश

**रायपुर।** पुजारी पार्क के पास स्थित भक्कू गैरेज के बाहर खड़ी कार में एक महिला की लाश मिली है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर मृतका के बारे में लोगों से बात की। इसमें पता चला कि मृतका कई दिनों से यहां-वहां घूम रही थी। महिला की उम्र करीब 40 साल बताई जा रही है। मौके पर लोगों ने बताया कि वह मानसिक रोगी थी। रविवार को दोपहर में गैरेज के बाहर लंबे समय से खराब पड़ी कार में महिला की लाश मिलने पर आसपास के थानों से मृतका के बारे में पतासाजी की जा रही है, मगर महिला की पहचान नहीं हो सकी है।

### तेज रफ्तार कार की ठोकर से गाय की मौत

**रायपुर।** माना थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार कार की ठोकर लगने से एक गाय की मौके पर ही मौत हो गई। कार सवार दो लड़के गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है। पुलिस के मुताबिक, नवा रायपुर जाने वाले मार्ग पर तेज रफ्तार कार ने एक गाय को टक्कर मार दी। कार की टक्कर लगने से गाय की मौके पर ही मौत हो गई। घायल युवकों के बारे में पुलिस पतासाजी करने की बात कह रही है।

### म्यूजिक इंस्टूमेंट गोदाम से आठ लाख का सामान चोरी

**रायपुर।** आजाद चौक थाने में एक म्यूजिक कंपनी के अकाउंट ऑफिसर ने अपने एक कर्मचारी के खिलाफ आठ लाख रुपए के म्यूजिक इंस्टूमेंट चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## दूसरे राउंड की काउंसिलिंग, 24 से 28 सितंबर तक होगा प्रवेश

# खाली बची एमबीबीएस-बीडीएस की 729 सीटें एडमिशन के लिए आज से संस्था का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- कॉलेजों में एमबीबीएस की 396, बीडीएस की 333 सीटें खाली

पहले राउंड की प्रवेश प्रक्रिया के बाद निजी और शासकीय कॉलेजों में खाली बचीं एमबीबीएस और बीडीएस की 729 सीटों पर एडमिशन के लिए दूसरे राउंड की काउंसिलिंग होगी। इसके लिए संस्था चयन की प्रक्रिया 9 सितंबर से प्रारंभ होगी। विभिन्न प्रक्रियाएं पूरी करने के बाद स्क्रूटनी और एडमिशन का काम 24 से 28 सितंबर तक पूरा किया जाएगा।

वर्तमान में शासकीय और निजी कॉलेजों में एमबीबीएस की 396 और बीडीएस की 333 सीटें खाली हैं, जिसके लिए दूसरे राउंड की काउंसिलिंग की जाएगी। इसके बाद भी अगर सीटें बचती हैं तो उसमें मॉपअप राउंड के माध्यम से एडमिशन दिया जाएगा। राज्य के दस शासकीय और पांच निजी मेडिकल कॉलेजों की 1884 और छह दंत चिकित्सा महाविद्यालयों की 582 सीटों पर एडमिशन की प्रक्रिया चिकित्सा शिक्षा विभाग की काउंसिलिंग कमेटी द्वारा पूरी की जा रही है। पहले राउंड में मेडिकल कॉलेजों की 80 फीसदी सीटों पर एडमिशन पूरा हो गया है, वहीं डेंटल कॉलेजों की 40 फीसदी सीटें ही भर पाई हैं। बाकी बची सीटों पर विद्यार्थियों का प्रवेश पूरा करने के लिए दूसरे राउंड की काउंसिलिंग की प्रक्रिया सोमवार से प्रारंभ की जाएगी।




### निजी मेडिकल कॉलेज

11. रिम्स रायपुर स्टेट और प्रबंधन सहित अन्य कोटे में 150 सीटें, 62 पर प्रवेश, 88 खाली
12. शंकराचार्य कालेज भिलाई सभी कोटे में 150 सीटें, 78 पर एडमिशन, 72 खाली
13. बालाजी रायपुर स्टेट, प्रबंधन सहित अन्य कोटे में 150 सीटें, 85 पर प्रवेश, 65 खाली
14. रावतपुरा कालेज रायपुर सभी कोटे में 150 सीटें, 59 पर प्रवेश, 91 खाली
15. अभिषेक मिश्रा स्मृति कालेज भिलाई सभी कोटे में 100 सीटें, 56 पर प्रवेश, 44 खाली

### दूसरे राउंड के लिए बीडीएस की 333 सीटें

जानकारी के अनुसार राज्य और प्रबंधन सहित अन्य कोटा मिलाकर एक शासकीय तथा पांच निजी डेंटल कॉलेजों में बीडीएस की कुल 582 सीटें हैं। प्रथम चरण की काउंसिलिंग के दौरान 249 सीटों पर एडमिशन पूरा हुआ है और 333 सीटें खाली हैं। इन सीटों पर प्रवेश के लिए काउंसिलिंग की प्रक्रिया एमबीबीएस के साथ पूरी होगी। शासकीय डेंटल कॉलेज में राज्य कोटे की 82 सीटें हैं, जिनमें 27 सीटों पर प्रवेश पूरा हुआ है।

### किस कॉलेज में कितनी सीटें खाली

*1. जीएमसी रायपुर स्टेट कोटे की 189 सीटें, पहले राउंड में 158 पर प्रवेश, 31 खाली*
*2. जीएमसी बिलासपुर स्टेट कोटे 124 सीट पहले राउंड में 115 भरी, 9 खाली*
*3. जीएमसी राजनांदगांव राज्य कोटे की 104 सीटें, पहले दौर में 99 पर प्रवेश, 5 खाली*
*4. जीएमसी जगदलपुर स्टेट कोटे की 104 सीटें, प्रथम दौर में 98 पर प्रवेश, 6 खाली*
*5. जीएमसी कांकेर राज्य कोटे की 104 सीट प्रथम चरण में 98 पर प्रवेश, 6 खाली*
*6. जीएमसी रायगढ़ स्टेट कोटे की 82 सीट पहले राउंड में 82 पर प्रवेश, 4 खाली*
*7. जीएमसी दुर्ग स्टेट कोटे 164 सीट पहले दौर में 150 एडमिशन 14 सीट खाली*
*8. जीएमसी महासमुंद राज्य कोटे की 104 सीटें, 97 पर प्रवेश, 7 खाली*
*9. जीएमसी अंबिकापुर 104 सीटें, पहले राउंड में 96 एडमिशन, 8 खाली*
*10. जीएमसी कोरबा राज्य कोटे की 104 सीटें, 99 पर एडमिशन, 5 खाली*

## दो विश्वविद्यालय और छात्र सिर्फ एक!

# तीन पॉलिटेक्निक महाविद्यालयों का खाता ही नहीं खुला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के इंजीनियरिंग संस्थानों की विशेष रूप से अच्छी नहीं है। बीते कई सालों से 50 फीसदी से भी कम सीटों पर छात्रों ने दाखिले रहे हैं। बीते सत्रों में कई महाविद्यालय ऐसे भी रहे हैं, जहां प्रवेश संख्या दहाई के अंक तक भी नहीं पहुंच सकी है। इस बार स्थिति पिछले सालों से भी अधिक खराब है। ना सिर्फ महाविद्यालय बल्कि विश्वविद्यालय में भी इस बार दहाई अंक तक संख्या नहीं पहुंच सकी। आंजनेय विश्वविद्यालय में इंजीनियरिंग की 728 सीटें हैं। 8 सितंबर को तकनीकी शिक्षा संचालनालय द्वारा जारी किए आंकड़ों के मुताबिक, इसमें सिर्फ एक ही छात्र ने प्रवेश लिया है। एकमात्र दाखिला इस ब्रांच में हुआ है, वह कंप्यूटर साइंस है।

वहीं इस सूची में एक अन्य विवि भी है, जहां एक भी छात्र ने दाखिला नहीं लिया है। दुर्ग स्थित भारती विवि के अंतर्गत फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में 1,272 सीटें हैं। इनमें एक भी प्रवेश नहीं हुए हैं। कई अन्य संस्थान भी इस सूची में शामिल हैं, जहां पर्याप्त प्रचार-प्रसार के बाद भी सीटें नहीं भर सकी हैं।

### 3 पॉलिटेक्निक कॉलेज में शून्य दाखिले

बड़ी संख्या में पॉलिटेक्निक कॉलेज खोले जाने के दुष्प्रभाव भी देखने को मिल रहे हैं। अब तक विभिन्न चरणों में हुई काउंसिलिंग में चार पॉलिटेक्निक कॉलेज ऐसे रहे हैं, जहां दाखिले शून्य रहे हैं। इनमें शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय बागीचा, मरवाही और पथरिया शामिल है। इसके अलावा अन्य पॉलिटेक्निक कॉलेज में भी स्थिति विशेष अच्छी नहीं रही है। शासकीय कन्या पॉलिटेक्निक महाविद्यालय जगदलपुर में 204 में से 53 सीटें भर सकी हैं। इसके अलावा चिरमिरी के पॉलिटेक्निक कॉलेज में 60 में से 22 सीटें भरी हैं। खानथम्हरिया पॉलिटेक्निक महाविद्यालय की 60 में से 4 सीटें ही भरी हैं। रायपुर पॉलिटेक्निक महाविद्यालय की 208 में से 137 सीटें भरी हैं।

### शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में 90 प्रतिशत दाखिले

प्रदेश में तीन शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय हैं। सबसे पहले यहां की सीटें भरती हैं। इस बार भी इन तीन महाविद्यालयों को ही छात्रों ने प्राथमिकता सूची में सबसे ऊपर रखा। शासकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय रायपुर में 322 सीटों में से 290 पर प्रवेश हो चुके हैं। बिलासपुर इंजीनियरिंग कॉलेज में 317 में से 271 सीटें भर गई हैं।

# बैज बोले- सत्तापक्ष के लोग भी सरकार पर उठा रहे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि सरकार में दो पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल और राजेश मूणत ने भरी मीटिंग में सरकार से अपराध को लेकर सवाल किए हैं। सांसद श्री अग्रवाल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखा है कि प्रदेश में सीमेंट के दाम 50 रुपए बढ़ा दिए गए हैं, उसे वापस लेना चाहिए। सिर्फ कांग्रेस नहीं, सत्तापक्ष के सांसद और विधायक भी राज्य सरकार पर कानून व्यवस्था को लेकर प्रश्नचिन्ह खड़े कर रहे हैं। एक तरफ तो सरकार दावा करती है कि इतने लाख लोगों को हमने प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए। दूसरी तरफ आम जनता, गरीब जनता को लूटने का काम कर रही है। उन्होंने सरकार से पूछा कि क्या हमारे पास सीमेंट बनाने रॉ-मटेरियल दूसरे प्रदेशों से लाना पड़ता है कि आप मनमाने तरीके से रेट बढ़ा रहे हैं। प्रदेश में सीमेंट बनाने रॉ-मटेरियल की कमी नहीं है। बिजली हम यहीं पैदा करते है। कच्चा माल हमारे पास उपलब्ध है, उसके बाद भी 50 रुपए सरकार ने किसलिए बढ़ाए? सरकार से इसका जवाब आना चाहिए। आम जनता, गरीब लोगों के लिए प्रधानमंत्री आवास बनाना पहुंच से दूर हो गया है, इसलिए सरकार सीमेंट का रेट बढ़ाकर छत्तीसगढ़ की जनता को लूटने का काम कर रही है।



### कांग्रेस के जमाने में तीन बार बढ़ाए दाम : बृजमोहन

छत्तीसगढ़ में सीमेंट के दाम बढ़े मामले में कांग्रेस प्रदर्शन को लेकर सांसद बृजमोहन ने कहा, कांग्रेस के लोग सोए हुए हैं। मेरे द्वारा पत्र लिखा गया, उसके बाद कांग्रेस के लोग मांग कर रहे हैं। कांग्रेस के जमाने में तीन बार रेट बढ़ाए गए, पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### 12 को जिला मुख्यालयों में धरना प्रदर्शन

प्रदेश कांग्रेस ने तय किया है कि लगातार मूल्य वृद्धि, सीमेंट, गिट्टी, रेती एवं सरिया के लगातार बढ़ते दामों को लेकर कांग्रेस प्रदेशस्तर पर फिर से बड़ा प्रदर्शन करेगी। 11 सितंबर को पूरे प्रदेश में प्रेसवार्ता के माध्यम से सरकार के नाकामियों को जनता तक पहुंचाएंगे।

## अपने ही आदेश से पलटा एफएसएसआई

# रीयूज्ड कुकिंग ऑयल संग्रहण अभियान बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खाद्य तेल का लगातार उपयोग सेहत के लिए नुकसानदायक होने का हवाला देकर चलाया जा रहा अभियान महीनेभर पहले ही बंद कर दिया गया है। दो साल पहले जारी किए गए अपने पहले आदेश से एफएसएसएआई पलट गया और पुराने में नया तेल मिलाकर टीपीसी की मात्रा कम करने का तर्क देकर रीयूज्ड कुकिंग ऑयल संग्रहण का अभियान बंद करा दिया।

जानकारी के अनुसार, खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा होटल, ढाबों में जाकर लगातार उपयोग किए जाने वाले खाद्य तेल को संग्रहित करने अभियान चलाया जा रहा था। प्रदेश में इस अभियान को जोर-शोर से चलाने खाद्य निरीक्षकों को भी तेल संग्रहित करने का टार्गेट दिया गया था। उन्हें तेल में टोटल पोलर कंपाउंड ( टीपीसी) जांच के लिए पैरामीटर भी दिया गया था। प्रदेश में अब तक साढ़े पांच हजार लीटर रीयूज्ड कुकिंग ऑयल संग्रहित भी कर लिया गया था। इसी दौरान भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण द्वारा वर्ष 2022 में जारी इस आदेश को वापस लेने पिछले माह दूसरा आदेश जारी कर दिया गया। आदेश में इस बात का जिक्र किया गया कि रीयूज्ड कुकिंग ऑयल में अगर फ्रेश खाद्य तेल मिला दिया जाए तो टीपीसी की मात्रा 25 प्रतिशत से कम हो सकती है। इससे वह मानव स्वास्थ्य पर बुरा असर नहीं डालेगा।

### सरकारी कैंटीन भी जांच के दायरे में

खाद्य विभाग की टीम द्वारा इस अभियान के दौरान सरकारी संस्थानों में संचालित कैंटीन को भी जांच के दायरे में लाया गया था। इसके लिए टीम द्वारा कुछ शापिंग मॉल में संचालित खाद्य संस्थानों में पहुंचकर अपनी जांच भी पूरी की गई थी। बड़े होटलों के साथ गली-मोहल्लों में लगने वाले ठेले-खोमचे के कारोबारियों को भी ऐसे खाद्य तेल के उपयोग को लेकर सचेत किया जा रहा था, मगर मामला ठंडे बस्ते में चला गया।

### आदेश के बाद जांच बंद

एफएसएसएआई द्वारा इस अभियान को बंद करने का आदेश जारी किया गया था। रीयूज्ड कुकिंग ऑयल संग्रहण का काम तब से बंद कर दिया गया है।

- **सर्वेश यादव**, सहायक नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन

# रेलवे की नई परियोजना के लिए छग को मिलेंगे 20 हजार करोड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय आवासन एवं शहरी विकास कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू ने रविवार को नई दिल्ली में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से रेल सुविधाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान केंद्रीय रेल मंत्री ने छत्तीसगढ़ की रेल सुविधाएं के लिए अनेक सौगातें देने की बात कही, साथ ही उन्होंने कहा कि आने वाले एक से डेढ़ वर्ष के अंदर छत्तीसगढ़ को रेलवे की नई परियोजना के लिए 20 हजार करोड़ रुपए दिए जाएंगे।

**कटघोरा-मुंगेली-डोंगरगढ़ परियोजना**

यह रेललाइन क्षेत्र के जनता की बहुप्रतीक्षित मांग है, जिनके विस्तार से क्षेत्र की जनता को आवागमन में सुविधाओं के साथ व्यापार एवं उद्योग के अवसर मिलेंगे। इस बात पर केंद्रीय रेलवे मंत्री श्री वैष्णव ने कार्य की गति को लेकर आश्वस्त किया।

### रेलगाड़ियों के बंद स्टापेज पुनः बहाल करने चर्चा

ऐसी रेलगाड़ियां, जिनका स्टापेज कोविड 19 के दौरान से बिलासपुर रेलवे मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर बंद है, उसे पुनः बहाल करने केंद्रीय रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अधिकतम ट्रेनों के ठहराव के लिए आश्वस्त किया, इनमें दुर्ग-भोपाल अमरकंटक सुपरफास्ट, पुरी-हरिद्वार उत्कल कलिंग एक्सप्रेस,
बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस, दुर्ग-अम्बिकापुर एक्सप्रेस, सारनाथ एक्सप्रेस, बिलासपुर-इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस, बिलासपुर-चिरमिरी, दुर्ग-अंबिकापुर एक्सप्रेस इत्यादि हैं।
गोंडवाना एक्सप्रेस रायगढ़ से हजरत निजामुद्दीन तक जाती है, उसे हरिद्वार तक चलवाने एवं विकासखण्ड देवभोग जिला गरियाबंद में रेलवे रिजर्वेशन काउंटर खोलने की मांग रखी है
बुधवारी बाजार के व्यापारियों की समस्या एवं हाल ही में हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सांसदों और अधिकारियों पर सांसदों के सुझावों को भी केंद्रीय रेलवे मंत्री के समक्ष रखा गया।







# टोल नाकों के आसपास बैठे मवेशियों को हटाने की जिम्मेदारी अब नाका वेंडर की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में बने टोल टैक्स नाकों के आसपास अगर मवेशी बैठे पाए गए तो उन्हें हटाने की जिम्मेदारी टोल नाका वेंडर की होगी। यह निर्णय मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई एक बैठक में दिए गए निर्देश के आधार पर बनी समिति ने लिया गया है। मामला ये है कि राज्यभर में मवेशियों के सड़क पर बैठने की वजह से कई सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। ऐसे ही एक मामले में छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने एक जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए पूरे राज्य में मवेशियों के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को लेकर जवाबदेही तय करने का आदेश दिया है। मामला ये है कि छत्तीसगढ़ में सड़कों पर मवेशियों के बैठने के कारण होने वाली दुर्घटनाओं के मद्देनजर पेश की गई एक जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए छत्तीसगढ़ शासन को स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं। अतिरिक्त महाधिवक्ता, महाधिवक्ता कार्यालय, बिलासपुर द्वारा निर्देशित किया गया है कि वे पूरे राज्य के जिलों में जिला प्रशासन, नगर निगमों और नगरपालिका परिषदों एवं ग्राम पंचायतों के अधिकारियों सहित सभी हितधारकों को सड़कों एवं राजमार्गों पर आवारा पशुओं के खतरे को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने के लिए आवश्यक और प्रभावी आदेश जारी करें।



### अब जारी हुआ ये आदेश

संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास ने इस संबंध में प्रदेश के सभी नगर निगम आयुक्त, सभी मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका परिषद और नगर पंचायतों के लिए आदेश जारी किया है। इस आदेश में कहा गया है कि मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई बैठक में हाईकोर्ट के निर्देश पर बनी समिति की बैठक में दिए गए निर्देशानुसार निकाय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले टोल नाके की सड़कों को आवारा पशुओं से बाधा रहित रखने की जिम्मेदारी टोल नाके के वेंडर की होगी, जिसके लिए टेंडर में उल्लेखित शर्तों, एसओपी के अंतर्गत वैधानिक कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

हरिभूमि
रायपुर, सोमवार 9 सितंबर 2024
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02

11 दिन मोबाइल से दूर रहने संकल्प....

## शहर में विराजे गणपति


श्री शिव मंदिर मित्र मंडल समिति शहीद हामिद नगर, टिकरापारा


नवयुवक संघ, राजीव गांधी चौक, छोटापारा


जय श्री केदारनाथ दुर्गा नगर, बिरगांव



गौरीपुत्र गणेशोत्सव समिति, डंगनिया


भगवा आटो स्टैण्ड, टाटीबंध


श्री वक्रतुंड गणेशोत्सव समिति, आदर्श नगर


श्री बाल गणेशोत्सव समिति, न्यू सुभाष नगर


स्वास्तिक गणेशोत्सव समिति, पचपेड़ी नाका


न्यू शक्ति क्लब, सदर रोड, सत्ती बाजार


श्री सत्य सनातन गणेशोत्सव समिति, टिकरापारा


राधाकृष्ण मंदिर, संजय नगर


नवयुवक गणेशोत्सव समिति, सिद्धार्थ चौक


श्री धरोहर गणेशोत्सव समिति, सुभाष नगर


श्री साईं गणेशोत्सव समिति, चांदनी चौक


श्री बजरंग गणेशोत्सव समिति ब्राम्हण पारा, भनपुरी

### पं.दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में जन-जन को साक्षर बनाने सजा 'उल्लास मेला'

# खेल के जरिए पढ़ाने शिक्षकों ने बनाया टीचिंग-लर्निंग मटेरियल, जादुई पिटारे व कठपुतली से पाठ पढ़ेंगे प्रौढ़



**खेल-खेल में पढ़ाने का फॉर्मूला अब हर संभाग के शिक्षकों द्वारा इजाद किया जाने लगा है। इसको टीचिंग लर्निंग मटेरियल के रूप में तैयार किया जाने लगा है। इस तरह का प्रयास इसलिए किया जा रहा है, ताकि प्रदेश के कोने-कोने तक शिक्षा से वंचितों के जीवन में भी प्रौढ़ शिक्षा के माध्यम से शिक्षा का प्रकाश फैलाया जा सके। इसके लिए किसी ने जादुई पिटारा तैयार किया, तो किसी ने कठपुतली का सहारा लेते हुए पढ़ाने का आसान तरीका निकाला है। इनके द्वारा तैयार शैक्षणिक मटेरियल्स की झलक उल्लास मेले में देखने को मिली।**

रायपुर। शहर के पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस समारोह के अंतर्गत रखे गए उल्लास मेले की धूम रही। राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण स्कूल शिक्षा विभाग ने 'आओ मिलकर बनाएं भारत का जन-जन साक्षर' की मुहिम को आगे बढ़ाने की पहल की। इसमें मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, मंत्री केदार कश्यप, विधायक पुरंदर मिश्रा, अनुज शर्मा, मोतीलाल साहू, गुरु खुशवंत साहेब प्रमुख रूप से मंचस्थ थे। स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, राज्य साक्षरता मिशन प्रमुख राजेन्द्र कुमार कटारा, समग्र शिक्षा के प्रबंध संचालक संजीव झा के साथ ही जिला पंचायत के सीईओ विश्वदीप, एसपी संतोष सिंह, कलेक्टर गौरव कुमार प्रमुख रुप से मौजूद थे।

### 'दाई ओ.. दीदी ओ' गीत ने मोहा

रायपुर संभाग के शिक्षकों ने 'दाई ओ दीदी ओ... पढ़ना-लिखना हे जरूरी' गीत तैयार किया है। इसे गाते हुए डॉ.कामिनी बावनकर, छबिराम साहू, सावित्री साहू, निर्जला धीवर, ममता अहार बच्चों के टूटे खिलौनों को टीचिंग कीट के रूप में संवारा है। बस्तर संभाग के शिक्षकों ने अंक व अक्षर सिखाने के लिए कागज से तैयार किए गए बोर्ड को काटकर सामग्री तैयार की है। इसमें खेती-किसानी के साथ ही घरों में काम आने वाली सामग्री के छोटे स्वरूप में हिंदी में नाम लिखकर अनंत देवांगन, निशा साहू, निलिमा कौशल राहुल शर्मा ने बनाया।



### 16 क्षेत्रिय बोलियों में तैयार किए गए गीत

प्रौढ शिक्षा की बेहतरी के लिए अतिथियों के साथ मुख्यमंत्री साय ने उल्लास न्यूज लेटर, ब्रोसर, पोस्टर के साथ ही उल्लास पुस्तक और 16 क्षेत्रिय बोलियों में तैयार किए गए उल्लास गीत की लॉंचिंग की। इसके साथ ही प्रदेश में 10 लाख से ज्यादा असाक्षरों को प्रौढ़ शिक्षा से जोड़ने के लिए एक लाख केन्द्र में इतने ही शिक्षकों को साक्षर बनाने की जिम्मेदारी दी गई। स्कूल शिक्षा सचिव ने बताया कि हर केंद्र में 10-10 लोगों को साक्षर बनाने की मुहिम चलाई जाएगी। इसके लिए प्रशिक्षकों ने सामग्री भी तैयार की है।



### उपयोगी सामानों के जरिए अक्षर ज्ञान

सरगुजा के शिक्षकों ने असाक्षरों को अक्षर ज्ञान कराने के लिए मकान, घर, कृषि सामान व जंगल के रूप में मॉडल्स तैयार किए थे।इनके पास पर्यावरण को बचाने के लिए किस तरह के प्रयास किए जा सकते हैं, इसे बताने के लिए डिजिटल और कौशल विकास से जुड़े मटेरियल्स की भरमार थी। गिरिश गुप्ता, रोहित सोनी की टीम ने अवलोकन के लिए पहुंचे अतिथियों द्वारा मांगी गई जानकारी भी दी। उनके द्वारा अक्षर ज्ञान कराने के लिए रंगोली के माध्यम से लिखना सिखाने के लिए मटेरियल तैयार किया गया।



### पिटारे में इमोशन्स और साइंस

छत्तीसगढ़ के बस्तर, सरगुजा, बिलासपुर, रायपुर व दुर्ग संभाग ने भी अपने-अपने जिले के शिक्षकों के साथ मिलकर संभागवार मॉडल्स सजाया था। इसमें बिलासपुर के डाइट पेन्ड्रा की स्वप्नल सिंह के साथ शिक्षकों ने मिलकर खेल-खेल में गिनती व पहाड़ा ही नहीं बल्कि इमोशन्स व साइंस को समझाने के लिए वेस्ट मटेरियल से जादुई पिटारा तैयार करके उल्लास मेले में सजाया। इनका अतिथियों ने भी अवलोकन किया। शिक्षकों ने रोने, हंसने के भाव सहित पूर्ण एवं अर्ध चंद्रमा के रहस्य को समझाने के लिए मॉडल्स तैयार किए।

### 731 शिक्षकों ने दिए सुझाव

कठपुतली को गीतों के जरिए पढ़ाने का नायाब तरीका शिक्षकों ने निकाला है। छतरी में फल, सब्जियों व घर में काम आने वाले सामानों का चित्र बनाकर उसके माध्यम से अक्षर ज्ञान कराने के लिए शैक्षणिक मटेरियल तैयार किया गया। शिव कुमार बंजारे, पुष्पा पुरूषोत्तम और रश्मि सिंह ने मिलकर 731 शिक्षकों से प्राप्त सुझाव के आधार पर टीचिंग मटेरियल्स तैयार किया। इसको खास बनाने के साथ रोचक तरीके से पाठ पढ़ाने में उपयोग किया जाएगा।

### आज इंडोर स्टेडियम में सामूहिक पारणा

# 115 तपस्वियों का 44 दिनों का कठिन तप पूर्ण

रायपुर। श्री संभवनाथ जैन मंदिर विवेकानंद नगर में जारी आत्मोल्लास चातुर्मास में श्री सिद्धि शिखर विजयोत्सव की पावन बेला आ चुकी है। 115 तपस्वियों की 44 दिनों में 4000 से अधिक उपवास की कठिन तप साधना पूर्ण हो गई है। कठिन सिद्धि तप की अंतिम आठवीं बारी का 8 तारीख को ब्यासना हुआ। वहीं पर्युषण महापर्व में हुई 80 अठाई का पारणा हुआ। 9 सितंबर सोमवार को सुबह 9 बजे तपस्वियों का राजशाही पारणा बूढ़ापारा स्थित इंडोर स्टेडियम में होगा। दोपहर 2 बजे बहुमान समारोह होगा। समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह, सांसद बृजमोहन अग्रवाल व विधायक राजेश मूणत सहित गणमान्य अतिथि शामिल होंगे।


*भव्य सिद्धि शिखर विजयोत्सव की तैयारियां पूरी, शामिल होंगे मुख्यमंत्री, डिप्टी सीएम, विधानसभा अध्यक्ष, सांसद और विधायक*

### 10 सितंबर को सिद्धि शिखर विजय यात्रा

रायपुर नगर में पहली बार 100 से अधिक सिद्धि तप की कठिन तपस्या की गई है। रायपुर की साध्वी चिंतननिधि सहित 115 तपस्वियों ने सिद्धि तप की कठिन तपस्या की है। सिद्धि तप के तपस्वियों के राजशाही पारणा के दूसरे दिन 10 सितंबर को सुबह 9 बजे विवेकानंद नगर से सिद्धि शिखर विजय यात्रा निकाली जाएगी, जो चतुर्विद संघ के सानिध्य में बैंड-बाजा व बग्गियों के साथ इंडोर स्टेडियम जाएगी।

### 84 लाख जीवों से क्षमा याचना

पर्युषण महापर्व के अंतिम दिन को संवत्सरी महापर्व रूप में मनाया गया। समाज के सभी लोगों ने प्रतिक्रमण कर 84 लाख जीवों से क्षमा याचना की। साथ ही सभी ने आपस में क्षमा याचना कर एक दूसरे से वर्ष भर में जाने अनजाने में की गई भूल और भूलवश भी यदि दिल दुखा हो तो अंतर्मन से क्षमा याचना की। गुरु भगवंतों द्वारा महाग्रंथ कल्प सूत्र के सार रूपी पवित्र ग्रंथ बारसा सूत्र का वाचन किया गया। ये जैन समाज का सबसे बड़ा महापर्व है, जिसमें वर्षभर में किए गए पापों को निर्मल किया जाता है। संवत्सरी और पारणा के साथ श्वेतांबर जैन समुदाय के पर्युषण महापर्व का समापन हुआ। आठ दिनों तक इस महापर्व में प्रतिदिन श्रावकों ने आराधना, उपवास, धार्मिक स्वाध्याय, प्रतिक्रमण जैसी धार्मिक क्रियाएं की। क्षमापना के दिन सभी श्रावकों ने एक-दूसरे से वर्षभर जाने अनजाने में की गई भूल के लिए व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से क्षमा मांगी।

## नंदनवन करेगा तालाबों का सर्वे, बन सकते हैं हिस्सा

रायपुर। नंदनवन जंगल सफारी द्वारा 'युवान' कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसके लिए स्वैच्छिक कार्यकर्ताओं की मदद ली जा रही है। इसी क्रम में तालाबों के महत्व और आवश्यकताओं को समझने के लिए सामुदायिक भागीदारी से एक सर्वेक्षण किया जा रहा है। इस सर्वेक्षण के माध्यम से जल सरंक्षण के लिए तालाबों की आवश्यकता और स्थिति का आंकलन किया जा सकेगा। नंदनवन जंगल सफारी प्रबंधन ने बताया, मोर तरिया मोर अभिमान थीम के अंतर्गत सर्वे का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान में विद्यार्थी तथा संस्थाएं शामिल हो सकते हैं। इसके अंतर्गत उन्हें अपने समीपस्थ किसी एक गांव के तालाबों का सर्वे कर इस कार्य में सहयोग करना होगा। इसके लिए अंतिम तिथि 15 सितंबर 2024 है। वेबसाइट **https://www.surveymonkey.com/r/WYWPCS3** पर विस्तृत जानकारी अपलोड कर दी गई है।

### जगन्नाथ को नुआखाई का भोग लगाने उमड़े उत्कल भाषी भक्त

# 'नवान्हभोज' में बने नए चावल के पारंपरिक भोज

**कार्नर न्यूज**

रायपुर। ओडिशा की तरह राजधानी में भी नुआखाई पर्व की धूम रही। घरों में नए धान के चावल से तैयार किए गए व्यंजनों को सुबह सबसे पहले कुल देवी-देवता को अर्पित किया गया। इसके बाद लोग गायत्री नगर स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर भी नुआखाई उत्सव मनाने और जगन्नाथ प्रभु को भोग लगाने के लिए परिवार के साथ पहुंचे। इससे मंदिर में दिनभर उत्कल भाषियों की भीड़ देखने को मिली। खेती-किसानी करने वालों के इस पर्व को उत्सव की तरह हर साल की तरह इस बार भी उत्कल भाषी परिवारों ने पूरी तैयारियां की थी। इसके साथ ही एक-दूसरे को नुआखाई पर्व की शुभ कामना देते हुए इसको खास बनाने का प्रयास किया। आस्था से जुड़े पर्व को ओडिशा की तर्ज पर मनाते हुए नए फसल से प्राप्त अनाज से व्यंजन तैयार किए।



### भीड़ को देखते हुए जगन्नाथ मंदिर में विशेष प्रबंध

शहरभर में रहने वाले उत्कल भाषी परिवारों ने ओडिशा के प्रमुख पर्व नुआखाई को पारंपरिक तरीके से मनाया। इस पर्व को ओडिशा के पश्चिमी सीमावर्ती छत्तीसगढ़ में मनाने का चलन बाहुल्यता के आधार पर तेजी से बढ़ रहा है। इसके चलते उत्सव की धूम रविवार को देखने को मिली। नए कपड़े पहने लोग पहले कुल देवी-देवता की पूजा में शामिल हुए, इसके बाद आराध्य देव जगन्नाथ प्रभु की पूजा करने व नुआखाई के अवसर पर तैयार किए गए व्यंजनों का भोग लगाने और सुख-समृद्धि के लिए आशीष लेने पहुंचे। इसके चलते जगन्नाथ मंदिर में दिनभर भक्तों की आवाजाही रही। इसे देखते हुए विशेष व्यवस्था की गई।



### एक दिन पहले खरीदी गई धान की बालियां

नुआखाई के एक दिन पहले नए धान की बालियों से चुड़ा (चिवड़ा), मूंग और परसा पत्तों और पूजा के लिए फूल खरीद लिए गए। लोगों के जीवन में स्थायित्व लाने के लिए उन्हें स्थायी खेती के लिए प्रोत्साहित करने के लिए धार्मिक विधि-विधान के साथ नुआखाई पर्व मनाने की शुरुआत हुई थी। कालान्तर में यह ओडिशा के लोक जीवन का एक प्रमुख पर्व बन गया। नए धान के चावल को पकाकर तरह-तरह के पारंपरिक व्यंजनों के साथ घरों में और सामूहिक रूप से नवान्हभोज यानी नए अन्न का भोज बड़े चाव से किया गया।

### ऋषि पंचमी पर पुरी की तर्ज पर ग्राम देवी-देवता की पूजा

छत्तीसगढ़ के रायपुर,गरियाबंद, महासमुन्द, रायगढ़, जशपुर, धमतरी और बस्तर संभाग में कुछ जिले भी शामिल हैं,जहां पड़ोसी राज्य की तरह उत्कल संस्कृति से जुड़े लाखों लोग इसे पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ उत्साह से मनाते हैं। यह जानकारी देते हुए उत्तर क्षेत्र के विधायक एवं जगन्नाथ मंदिर के प्रमुख पुरन्दर मिश्रा ने बताया कि नुआखाई भाद्रपद शुक्ल पक्ष की पंचमी के दिन मनाया जाता है। खेतों में खड़ी नई फसल के स्वागत में यह मुख्य रूप से ओडिशा के किसानों और खेतिहर श्रमिकों द्वारा मनाया जाने वाला पारंपरिक पर्व है। पहले यह त्यौहार भादों के शुक्ल पक्ष में अलग-अलग गांवों में अलग-अलग तिथियों में मनाया जाता था। गांव के मुख्य पुजारी इसके लिए तिथि और मुहूर्त तय करते थे, लेकिन अब नुआखाई का दिन व समय सम्बलपुर स्थित जगन्नाथ मंदिर के पुजारी तय करते हैं।



सिटी इवेंट



## महिला सुरक्षा के लिए शहरवासियों ने लगाई दौड़

रायपुर। स्टॉप वॉयलेंस अगेंस्ट वीमंस की थीम पर शहरवासियों ने दौड़ लगाकर फिट रहने और महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया। रविवार को अग्रवाल सभा अग्रवाल युवा मंडल द्वारा 25 दिवसीय अग्रसेन जयंती महोत्सव की शुरुआत अग्रथॉन 2.0 के आयोजन से किया गया। मीडिया प्रभारी आयुष मुरारका ने बताया कि सर्व समाज के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में दो हजार से अधिक लोगों ने भाग लिया। इसमें 5 साल के बच्चे से लेकर 85 साल के बुजुर्ग तक शामिल हुए। शुरुआत में लोगों ने मरीन ड्राइव पर जुंबा किया। इसके बात 5 किमी दौड़ की शुरुआत हुई। तेलीबांधा तालाब मरीन ड्राइव से प्रारंभ होकर केनाल लिंकिंग रोड से पंडरी तिराहा फिर वहां से वापस उसी रोड में आकर दौड़ समाप्त हुई। मुख्य अतिथि के रूप में एम्स डायरेक्टर लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल शामिल हुए।

## एम्स ने खेला नुक्कड़ नाटक बताया नेत्रदान का महत्व



रायपुर। एम्स के नेत्र रोग विभाग द्वारा 25 अगस्त से 8 सितंबर तक राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा मनाया गया। नेत्रदान के महत्व के बारे में जागरूकता लाने के उद्देश्य से कई गतिविधियों का आयोजन किया गया। नेत्रदान पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन नेत्र विभाग के ओपीडी प्रतीक्षालय में हुआ। इसके बाद एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों को नेत्रदान के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। समाज के सभी वर्ग तक संदेश पहुंचाने के लिए नेत्रदान विषय पर रेडियो कार्यक्रम भी प्रसारित किया गया। इसके अलावा नर्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं विशेष रूप से नर्स की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया गया और उन्हें नेत्रदान में सहयोग के लिए प्रेरित किया गया। डॉ. विजय साहू, डॉ. रेनू राजगुरु, डॉ. सोमेंन मिश्रा सहित विभाग के अन्य चिकित्सकों का इसमें सहयोग रहा।

● गणेशोत्सव : सोसायटियों में हर दिन स्पर्धाओं में बच्चों संग माता-पिता भी ले रहे हिस्सा

# 11 दिन मोबाइल से दूर रहने संकल्प, लत छुड़वाने बनाए गेम जोन, सभी धर्म के लोग मिलकर तैयार कर रहे प्रसाद

**शहर में चारों तरफ गणेशोत्सव की धूम है। चौक-चौराहों से लेकर घर व ऑफिस में लोगों ने विघ्नहर्ता को विराजित किया है। शहर के कॉलोनियों में भी विभिन्न थीम पर आकर्षक झांकी तैयार की गई है। पर्व को लेकर बच्चों और युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला है। इस बार भी शहर सोसाइटी में गणेश उत्सव पर बच्चों को मोबाइल और टीवी से दूरी बनाने रोजाना मनोरंजक खेलों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें अभिभावकों के साथ-साथ बुजुर्ग भी हिस्सा ले रहे हैं। खास बात यह भी है कि सोसाइटी में सभी धर्म के लोग रहते हैं। गणेशोत्सव में वे सभी हिस्सा लेकर धूमधाम से पर्व मना रहे हैं।**

रायपुर। युवा वर्ग ने भी गणेश उत्सव खत्म होने तक सोशल मीडिया से दूरी बनाने का संकल्प किया है। इसके अलावा नौकरी पेशा और व्यापारी भी सुबह और रात की आरती में परिवार के साथ शामिल हो रहे हैं। इस बार ज्यादातर सोसाइटी में छह से सात फीट के गणपति बप्पा विराजित किए गए हैं। बालाजी, बाल गोपाल, लालबाग का राजा जैसी अलग-अलग थीम पर पंडाल सजाया गया है।






### फैशन शो और डांस स्पर्धा में बच्चे दिखा रहे टैलेंट

*ग्रीन पैराडाइज में इस बार लगभग 6 फीट ऊंचे गणपति विराजित किए गए हैं। सोसाइटी सदस्य राधा के अनुसार, इस बार सभी वर्ग के लिए प्रतियोगिताएं और आकर्षक इनाम रखे गए हैं, जिसमें फैशन शो, डांस स्पर्धा शामिल है। शनिवार से ही बच्चों की प्रतियोगिता शुरू हो गई है। एक दिन भजन संध्या होगी, इसमें सोसाइटीज के रहवासियों की ही प्रस्तुति होगी। कलाकार भी भजन पेश करेंगे।*



### सभी धर्म के लोग तैयार करते हैं प्रसाद

जीवन विहार कॉलोनी में खास अंदाज में गणेश उत्सव मनाया जा रहा है। सोसाइटी के सत्तु सिंह ने बताया कि कॉलोनी में सभी धर्म के लोग रहते हैं। हर दिन लोग अपनी संस्कृति व राज्यों के अनुसार प्रसादी भोग तैयार कर भगवान को चढ़ाते हैं। पर्व में सभी धर्म के लोगों में एकता की भावना देखने को मिलती है। मोबाइल की दुनिया में बच्चों को बाहर निकालने सोसाइटी में बच्चों के लिए कई तरह की एक्टिविटी हर दिन होती है। इसमें साइकिल रेस, अंताक्षरी, मटकी फोड़, डांस, सिंगिंग, ड्रॉइंग, जलेबी खाओ जैसी प्रतियोगिताएं शामिल हैं। सोसाइटी में रहने वाले एक-दूसरे के साथ वक्त बिता सकें, इसके डिनर की व्यवस्था भी की गई है। सभी एक साथ डिनर करेंगे। ज्यादातर सोसाइटी में कार्यक्रम की व्यवस्था मेंबर खुद संभाल रहे हैं।



### बच्चों के साथ बुजुर्गों में भी उत्साह

श्याम नगर स्थित गोकुल सोसाइटी में 200 से अधिक परिवार रहते हैं। यहां 6 फीट ऊंची मूर्ति की स्थापना की गई है। सोसाइटी सदस्यों ने बताया कि महिलाओं, बच्चों के लिए डांस, सिंगिंग, ड्राइंग जैसे कंपीटिशन शुरू हो चुके हैं। हर दिन सदस्यों द्वारा आरती व विशेष श्रृंगार किया जा रहा है।



### मोबाइल से दूरी रखने सोसायटी में गेम जोन

बदलते समय के साथ बच्चों से लेकर युवा भी मोबाइल के आदी हो चुके हैं। तेलीबांधा स्थित स्कॉय सोसाइटी के सदस्यों ने इस बार भी बच्चों को मोबाइल से दूर करने सोसाइटी में गणेश उत्सव के दौरान गेम जोन बनाने का निर्णय लिया है। यहां अलग-अलग गेम खेले जाते हैं। बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस, डांस और संगीत प्रेमियों के लिए कराओके और चित्रकला प्रतियोगिता रखी गई है। इस बार बालाजी धाम के रूप में गणेश जी की स्थापना की गई है। रात में म्यूजिकल नाइट और ग्रुप और सोलो डांस की प्रस्तुति होती है। गणेशोत्सव के दौरान हर दिन सोसाइटी में विशेष आयोजन होते हैं।

### स्लो साइकिल रेस और जलेबी प्रतियोगिता

साईं ड्रीम्स सोसायटी अमलीडीह में बच्चों के लिए रोज खास गतिविधियां आयोजित की जा रही है। संरक्षक शैली राई जाधव ने बताया कि बच्चों को वर्चुअल गेम के बजाय असल खेलों से जोड़ने की कोशिश करेंगे। अंताक्षरी, स्लो साइकिल रेस, जलेबी इटिंग, मटकाफोड़ जैसी प्रतियोगिताएं रखी जाएंगी। सभी एज ग्रुप के लिए स्पर्धा होगी, ताकि हर कोई कार्यक्रम का आनंद उठा सके।



## गीतों में पिरोया साहित्य

रायपुर। शहर में साहित्य और संगीत संध्या आयोजित की गई। साहित्यकार चित्तरंजन कर ने साहित्यकार सुरेंद्र रावल के कुछ गीतों और गजलों को संगीतबद्ध कर प्रस्तुत किया। 'मेरे एकाकी मन...' सहित अन्य गीतों को मंत्रमुग्ध होकर देर शाम तक श्रोतागण सुनते रहे।प्रज्ञा साहित्य समिति के तत्वावधान में यह कार्यक्रम एक निवास में आयोजित किया गया। साहित्य और संगीत की गई विधाओं पर इस दौरान चर्चा हुई। इस अवसर पर धर्मेंद्र रावल, पारुल रावल ऋचा रावल, अशोक त्रिवेदी ,प्रज्ञा त्रिवेदी, अनुकृति, माधुरी कर आदि उपस्थित थे।

## भुवनेश्वर जोन का प्रतिनिधित्व करेंगे रायपुर के खिलाड़ी छात्र




रायपुर। कृष्णा पब्लिक स्कूल में सीबीएसई क्लस्टर 2 बैडमिंटन टूर्नामेंट आयोजित किया गया। इसमें 113 स्कूलों ने भाग लिया। जिसमें कुल खिलाड़ी 889 थे। जिसमें 595 बालक और 284 बालिकाएं शामिल रहीं। यह टूर्नामेंट 5 सितंबर से 8 सितंबर तक केपीएस स्कूल के भिलाई ब्रांच में हुई। डीपीएस रायपुर की टीम ने फाइनल जीतकर गोल्ड कप अपने नाम किया। इस टूर्नामेंट में छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, ओडिशा की टीमों ने भी हिस्सा लिया। डीपीएस रायपुर ने डीपीएस दामनजोडी की टीम को फाइनल में हराया। रायपुर की टीम में शाश्वत मिश्रा, अभिमन्यु सिंह, श्रेयांश मिस्री, हिमांशु रामचंदानी शामिल रहे। टीम के कोच शक्ति मिश्रा ने बताया कि सीबीएससी की नेशनल स्पर्धा बड़वानी मप्र में नवंबर माह में होगी। इसमें विजेता छात्र अपने जोन का प्रतिनिधित्व करेंगे।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement 6263818152, 8766276107

कृष्णा मोटर्स
VANDE BHARAT
THUKRAL
भारत का मजबूत एवं भरोसेमंद ई-रिक्शा
• आसान फायनेंस पर उपलब्ध • न्यूनतम डाऊनपेमेंट में घर ले जाएं
• मिनीमम 100 से 150 किलो. तक माइलेज पाएं
• लो मेंटनेस • चलाने में आसान, प्रदूषण से मुक्ति
• भारत माता चौक, गुढ़ियारी, रायपुर • स्टेशन रोड गुरुद्वारा नीम पेड़ के पास, रायपुर
• करण टेलर्स के पास, गोकुल नगर, रायपुर मो. 9926131523, 9755802331

krishna vatika
Call and Booking Now
9406026313
9981002160
Facilities
•20000sq.ft. Lush Green Party Lawn.
•Parking Facility
Events
• Birthday party, Kitty Party, Wedding.
• Anniversary, Ring Ceremony
पता- समता परिसर के सामने लालपुर, रायपुर (छ.ग.)

ॐ सांई कार्पोरेशन
RICHFORD
हर खरिदि पर निश्चित उपहार
देश की सवारी, रिचफोर्ड हमारी
आकर्षक डील्स पाएँ 50,000/-* तक की बचत पाएँ
टू व्हीलर, थ्री व्हीलर, फोर व्हीलर की एक्सचेंज सुविधा
1 टन कैपेसिटी
कुशालपुर चौक, नियर देवी हॉस्पीटल, रायपुर (छ.ग.)
ब्रांच ऑफिस : JOHN DEERE TRACTORS के बाजू, दुर्ग रोड, पाटन
Mob.: 7722928239

सेल सेल सेल सेल सेल
कंबल सिंगल 90/- 135/- 200/-
कंबल डबल 250/- चालू
कर्म्फटर सिंगल 300/- चालू
कर्म्फटर डबल 450/-चालू
फैंसी चादरें डबल सैट 160 चालू
सिंगल चादरे 85/- चालू
चादरें 9x9 सैट 400/- 500/- 600/-
संजय रुई भंडार
निराकांरी फर्नीचर के पीछे कांच घर गोडाउन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262

करन मोटर्स
CITYLIF
मात्र 10,000 रूपये डाऊनपेमेंट में गाड़ी लेकर जाये
ई-रिक्शा
बैटरी चलित ई-रिक्शा एवं ई-लोडर
4 घंटे में गाड़ी फायनेंस करवा कर घर ले जाएं
▪ लिथियम बैटरी की पावर के साथ (सिंगल बैटरी)
▪ 3 साल की वारंटी (मेंटेन्नेस फ्री)
▪ ना कोई पानी डालने का झनझट, ना कोई टेंशन
सबसे सस्ता, सबसे अच्छा, सबसे कम कीमत पर सिर्फ करन मोटर्स पर
एक बार चार्ज होने पर 80-130 किमी. चलती जाएं...
नियम एवं शर्तें लागू
करन मोटर्स • स्टेशन रोड गुरुद्वारा के पास, तेलघानी नाका, रायपुर • हिलर्स होटल के पास, राम नगर, रायपुर
मो.: 9826777050, 9584500013

INFOROB
Believe in innovation
Learn Today, Lead Tomorrow-Your Future Star
Join our Technological Certified Courses
Admission Open Limited Seats Age Group 5 years and above.
• Python • Artificial Intelligence • Robotics
• Block Coding • Web Design • Game Design
Our Other Services :
• 1 Year internship for Diploma/ degree students
• Certificate Courses for Robotics and AI
• Summer & Winter Camp Workshop on Robotics
D 105, Guru Ghasidas Society, Priyadarshini Nagar, New Rajendra Nagar, Raiupr, Chhattisgarh 492001
8721906433, 9862047382 Time : 5pm to 8pm Follow us : inforob_robotics

NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
अपने घर का मॉड्युलर किचन बनवाएं
9977115597, 8319076661
C-4, SECTOR-1, DEVENDRA NAGAR, NEAR CITY CENTER MALL, RAIPUR, 492004
KITCHEN GALAXYNXMODULAR
SPECIAL OFFER ₹55,000
SPECIAL OFFER ₹95,000
SPECIAL OFFER ₹1,50,000

Furniture'sway
अब डायरेक्ट फैक्ट्री से फर्नीचर बनवाएं
वह भी मार्केट से
10 से 30% कम दाम पर
Register now www.furnituresway.com 9826949400, 9826949402

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

भामरा गार्डन सिरपुर-बारनवापारा
01 ROOM
02 POOL
03 FOOD
Book Now
• KITTY PARTY • ANNIVERSARY • BIRTHDAY PARTY
9589386162, 7354929810

।। जय जगन्नाथ ।।
ज्योतिष समाधान एवं वास्तु शास्त्री
आचार्य जितेन्द्र मसंद
9200028000, 7770916666
जन्मकुण्डली, वास्तु, वास्तु अनुरूप नक्शा के लिए संपर्क करें
@AcharyaJitendramasand
जगन्नाथ मंदिर के पास, गायत्री नगर, मेन रोड, अंवति विहार, रायपुर (छ.ग.)

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7987119756


9 सितंबर
युवा मिलनसार व्यक्तित्व के धनी, पार्षद
अजीत कुकरेजा जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
अहिन्द्र सोमा ठाकुर
सुजीत सिंग
नियंता शर्मा
बंटी निहाल

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में फलस्तीन समर्थकों ने लगाए 'नरसंहार बंद करो' के नारे




टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (टिफ) की शुरुआत में इस्राइल-हमास युद्ध ने सुर्खियां बटोरीं। कार्यक्रम में फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों ने विरोधन प्रदर्शन करते हुए 'नरसंहार बंद करो' के नारे लगाए। टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (टिफ) की शुरुआत में इस्राइल-हमास युद्ध ने सुर्खियां बटोरीं। दरअसल, जैसे ही उद्घाटन समारोह का आगाज हुआ वैसे ही फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों ने प्रिंसेस ऑफ वेल्स थिएटर के अंदर प्रदर्शन शुरू कर दिया। इससे महोत्सव के सीईओ कैमरन बेली के भाषण में बाधा आई और प्रायोजक रॉयल बैंक ऑफ कनाडा (आरबीसी) से गाजा पर इस्राइल के हमलों के लिए धन न देने का आह्वान किया गया। विरोध प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने 'नरसंहार बंद करो' के नारे लगाए। इस नारे से चार मिनट तक समारोह स्थल गूंजता रहा। प्रदर्शन शुरू होने पर कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो भी वहां मौजूद थे। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, आतंकवादी समूह हमास के 7 अक्तूबर के हमले के बाद गाजा पर इस्राइल के हमले से पिछले महीने तक 40,000 से अधिक फलस्तीनी मारे गए हैं। विरोध तब हुआ जब अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने एक अपडेट दिया कि बिडेन प्रशासन कतर और मिस्र के साथ अगले कुछ दिनों में इस्राइल और हमास को पेश करने के लिए एक नए संघर्ष विराम प्रस्ताव पर काम कर रहा है, जिसमें कहा गया है कि 90 प्रतिशत समझौता पर सहमति हो गई है। टीआईएफएफ समारोह डेविड गॉर्डन ग्रीन की नटक्रैकर्स की ओपनिंग नाइट स्क्रीनिंग से पहले हुआ, जिसमें बेन स्टिलर ने एक वर्कहॉलिक की भूमिका निभाई, जो अपने हाल ही में अनाथ हुए भतीजों की देखभाल के लिए ग्रामीण ओहियो की यात्रा करता है। टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (टिफ) की बात करें तो यह 5 से 15 सितंबर तक जारी रहने वाला है। अगले 10 दिनों में, रॉन हॉवर्ड की सर्वाइवल थ्रिलर 'ईडन', एमी एडम्स के साथ मैरिएल हेलर की हॉरर कॉमेडी 'नाइटबिच', एंड्रयू गारफील्ड और फ्लोरेंस पुघ अभिनीत एनिमेटेड 'द वाइल्ड रोबोट' और जॉन क्रॉली की 'वी लिव इन टाइम' जैसी फिल्में कनाडाई दर्शकों के लिए प्रदर्शित की जाएंगी।

### टॉलीवुड

## 'ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' ने पार किया 50 करोड़ रुपये का आंकड़ा



साउथ सुपरस्टार विजय की फिल्म 'ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' उर्फ 'द गोट' आखिरकार सिनेमाघरों में बीते दिन यानी 5 सितंबरको रिलीज हो चुकी है। 'द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर बंपर ओपनिंग की थी। पहले दिन की कमाई के साथ 'द गोट' इस साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली पहली तमिल फिल्म भी बन गई। 'द गोट' ने पहले दिन 44 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। दूसरे दिन की कमाई हैरान करने वाली है। शुरुआती आंकड़ों के अनुसार, फिल्म ने दूसरे दिन 15.87 करोड़ रुपये की कमाई की। इस कमाई के आंकड़े के साथ विजय को झटका लगा है।इस फिल्म के जरिए निर्देशक वेंकट प्रभु और विजय ने पहली बार साथ काम किया है। 'द गोट' विजय की 68वीं फिल्म है। यह फिल्म एजीएस एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन के बैनर तले बनी है। युवान शंकर राजा ने गाने और मूल स्कोर की रचना की है। सिद्धार्थ नूनी फोटोग्राफी के निर्देशक हैं। वेंकट राजन ने संपादन का काम संभाला है। वहीं कलाकारों में विजय के अलावा माइक मोहन, प्रशांत, प्रभु देवा, स्नेहा, लैला, जयराम, मीनाक्षी चौधरी और योगी बाबू जैसे कलाकारों की टोली भी शामिल है। फिल्म में वेंकट प्रभु के भाई प्रेमगी, वैभव, अरविंद आकाश और अजय राज भी हैं।

### छॉलीवुड

## हंसाने के साथ सामाजिक संदेश भी देगी 'मामा नंबर वन'



छत्तीसगढ़ी फिल्म 'मामा नंबर वन' का मुहूर्त दुर्ग में हुआ। फिल्म के निर्माता नीलकंठ देवांगन, निर्देशक एवं कहानीकार लेखक धज्जू भोगा,लीड हीरो पवन गांधी और राजा राव है। फिल्म की पूरी शूटिंग बहुत ही जल्द दुर्ग और बालोद जिले में होगी। यह विशुद्ध पारिवारिक फिल्म होगी जो कि दर्शकों को हंसाने- रुलाने के साथ सामाजिक संदेश और सुपरहिट गीतों से सजी होगी।इस फिल्म के मुहूर्त के दौरान उर्वशी साहू, नकुल महलवार, विकास यादव, शन्नो खान और विनायक अग्रवाल सहित अन्य लोग मौजूद थे। फिल्म में अहम किरदार निभाने जा रहे पवन गांधी का कहना यह है कि उन्हें इस फिल्म से बेहद उम्मीदें है। अभिनेता राजा राव का कहना है कि फिल्म लगन की भूमिका को देखते हुए उन्हें इस फिल्म में लिया गया है।

### लाइफ स्टाइल



फैशन के रंग

न्यूयॉर्क मॉडेस्ट फैशन शो में डिजाइनर जैक्स ला ग्रेंज का कलेक्शन पेश करते हुए मॉडल अलग-अलग रंग में नजर आईं। यहां बिल्कुल नए रुझान प्रदर्शित किए गए। यहां उत्तरी अमेरिका के प्रतिभाशाली डिजाइनर मारकाह ने पूरे उद्योग पर मॉडेस्ट फैशन के प्रभाव पर चर्चा करने के लिए एक मंच भी प्रदान किया, जिसमें एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय फैशन अभियान के दौरान हिजाब पहनने वाली पहली मॉडल मारिया इद्रिसी,सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म मुस्लिमगर्ल डॉट कॉम की संस्थापक अमानी अल-खतहतबेह के साथ प्रसिद्ध फैशन लेखिका ईला मेल और सऊदी डिजाइनर अरवा अल अम्मारी शामिल थीं।

## ऐसे हटाएं कपड़े पर लगा हल्दी का दाग



अगर खाना खाते या बनाते वक्त कपड़े पर हल्दी का दाग लग गया है, तो आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। आप दाग को हटाने के लिए घरेलू नुस्खे आजमा सकती हैं। आप हल्दी के दाग से छुटकारा पाने के लिए अमोनिया पाउडर का इस्तेमाल कर सकती हैं। अमोनिया पाउडर घर और कपड़ों की सफाई के लिए एक असरदार पाउडर है।

सबसे पहले एक बाउल में 2-3 चमच अमोनिया पाउडर डालें। अब इसमें आधा कप सिरका डालें। दोनों चीजों को मिक्स कर लें। आप इस पेस्ट का इस्तेमाल दाग को हटाने के लिए कर सकती हैं। दाग वाली जगह पर इस पेस्ट को लगाएं और टूथब्रश की मदद से दाग को अच्छे से रगड़ लें। करीब 5 मिनट तक रब करने के बाद दाग वाली जगह को पानी से साफ कर लें। अमोनिया पाउडर के एक इस्तेमाल से ही दाग है जाएगा। अगर ऐसा नहीं होता है, तो इस प्रक्रिया को दोबारा दोहराएं। यह पाउडर क्लीनिंग के काम आता है। दाग से लेकर सफेद कपड़े के पीलेपन को साफ करने के लिए अमोनिया पाउडर फायदेमंद है।

## दिखना है कुछ खास तो रखें ऐसे आउटफिट



फैशन

हर महिला चाहती है कि वो खास मौकों पर सबसे खूबसूरत और सबसे स्टाइलिश दिखे। ऐसे में महिलाएं अपने लिए आउटफिट का चयन करने में बड़ी सावधानी बरतती हैं। अगर आप खास मौकों पर स्टाइलिश दिखना चाहती हैं तो लाल रंग के इन आउटफिट को अपने कलेक्शन में शामिल कर लें। यह ऐसे आउटफिट हैं, जो आपको खूबसूरत दिखाने में मदद करेंगे।



**प्लाजो कुर्ता:** इस तरह का लाल रंग का प्लाजो कुर्ता आप चाहें तो ऑनलाइन खरीद लें। वैसे ऐसा कुर्ता आप आसानी से कपड़ा लेकर सिलवा सकती हैं। अगर आप इसे सिलवाएंगी तो इसका डिजाइन अपनी पसंद के हिसाब से बनवा सकती हैं।


**शरारा:** इस तरह का शरारा सूट खास मौकों के लिए एक बेहतर विकल्प है। वेल्वेट फैब्रिक में ऐसा शरारा देखने में काफी क्लासी लगता है।



**साड़ी:** साड़ी तो कुछ खास मौकों के लिए सबसे बेहतर विकल्प मानी जाती है। आप इस तरह की साड़ी लेकर उसका ब्लाउज तैयार करवा सकती हैं। अगर आप साड़ी खरीदेंगी तो इसका दोबारा इस्तेमाल भी कर सकती हैं।

**पटियाला सूट :** अगर आप कुछ ऐसा पहनने का सोच रही हैं जो काफी कंफर्टेबल हो तो पटियाला सूट आपके लिए एक बेहतर च्वाइस है। ये देखने में भी कमाल का लगता है।

## बासी रोटी दे सकती है आपको दमकती त्वचा



दमकती त्वचा के लिए लोग ना जाने क्या-क्या घरेलू उपाय करते हैं। बाजारों में कई तरह के प्रोडक्ट उपलब्ध हैं, जो स्किन के जुड़ी परेशानियों से राहत दिलाते हैं। इनका इस्तेमाल करना आसान भी होता है, पर क्या आप जानते हैं कि आप बासी रोटी का इस्तेमाल करके भी दमकती हुई त्वचा पा सकते हैं।

इस पैक को तैयार करने के लिए सबसे पहले रात की बची हुई रोटी के छोटे-छोटे टुकड़े करके इसे अच्छे से पीस लें। इसके बाद इसमें दो से चार चम्मच कच्चा दूध और दो चम्मच ही शहद मिलाएं। अब इस पेस्ट को चेहरे पर अच्छे से लगा लें। इस पेस्ट से आपको चेहरे पर हल्की मसाज करनी है। ये एक अच्छा फेस स्क्रब बन सकता है।मसाज के बाद तकरीबन 20 मिनट के लिए इसे ऐसे ही छोड़ दें। अब साफ पानी से चेहरे को साफ करें। आप हफ्ते में तीन बार आसानी से इसका इस्तेमाल कर सकते हैं।

इस पैक को इस्तेमाल करने से पहले इसके फायदे के बारे में जान लें। बासी रोटी का पैक चेहरे के बंद पोर्स को खोलने का काम करता है। इससे चेहरे की डीप क्लीनिंग भी हो जाती है।

इसके साथ ही शहद त्वचा को नमी प्रदान करने का काम करता है। इससे बदलते मौसम में भी त्वचा में नमी बरकरार रहती है। अगर बात करें कच्चे दूध की तो पैक में इसके इस्तेमाल से त्वचा काफी मुलायम हो जाती है।

## महंगे फेस सीरम को छोड़ घर पर तैयार करें ब्यूटी प्रोडक्ट, चेहरे की कई परेशानियों से मिलेगी राहत



हर कोई ये चाहता है कि बदलते मौसम में भी उनकी त्वचा हमेशा खिली-खिली रहे। इसके चलते त्वचा का खास ध्यान रखना बेहद जरूरी हो जाता है। अगर इस बदलते मौसम में त्वचा का सही से ध्यान नहीं रखा जाए तो इसका असर आपके चेहरे पर दिखाई देने लगता है। चेहरे पर कई तरह के दाग-धब्बे और पिंपल्स दिखने लगते हैं। इन सभी चीजों से छुटकारा पाने के लिए लोग अक्सर बाजार में मिलने वाले फेस सीरम का इस्तेमाल करते हैं।

वैसे तो ये फेस सीरम स्किन को कई तरह के लाभ पहुंचाते हैं लेकिन बहुत से लोगों को ये सूट नहीं करते। जिस वजह से उनके चेहरे पर कई तरह की परेशानियां सामने आती रहती हैं। लोग इसी वजह से केमिकल बेस्ड सीरम इस्तेमाल करने से डरते हैं।

घर पर फेस सीरम बनाने के लिए सबसे पहले आधा बीटरूट यानी चुकंदर लें और उसका छिलका निकाल कर उसे कद्दूकस कर लें। इसके बाद गाजर का भी छिलका निकाल कर इसे कद्दूकस कर लें। अब एक कटोरी लें और इसमें चुकंदर और गाजर को बराबर मात्रा में लेकर मिला लें।

इसके बाद खुशबू के लिए इसमें गुड़हल की पत्तियां डालें। अब इस मिश्रण के बराबर मात्रा में बादाम का तेल मिला लें। इसके बाद इसे आप चाहें तो इसे एक सप्ताह तक तेज धूप में रखें।

अगर आपको ये तुरंत तैयार करना है तो एक कड़ाही में आधा कप पानी डालें। इसके बाद इसके बीच में एक कपड़ा तय करके रख दें। इसके बाद कपड़े पर कटोरी में रखे मिश्रण को चम्मच से हिलाते रहें।

कुछ समय बाद जब तेल का रंग गहरा हो जाए तो इसे एक कंटेनर में रख दें। बस आपका सीरम तैयार है।

कार्नर न्यूज

### आजकल टिश्यू साड़ी काफी चलन में है

## रॉयल लुक पाने के लिए करें टिश्यू साड़ी को स्टाइल, लोग करेंगे दिल से तारीफ

*साड़ी को स्टाइल करने के कई तरीके होते हैं, लेकिन अगर आप रॉयल लुक की बात करें तो इसके लिए आपको साड़ी के कलर से लेकर डिजाइन तक के लिए काफी चीजें सोचविचार करनी पड़ती है। वहीं त्यौहारों पर महिलाएं साड़ी पहनना पसंद करती हैं। रॉयल लुक पाने के लिए आजकल टिश्यू साड़ी काफी चलन में है। आपको टिश्यू साड़ी के कुछ आकर्षक डिजाइंस और इन्हें स्टाइल करने के कुछ खास टिप्स जरूर जानना चाहिए।*



### गोल्डन कलर टिश्यू साड़ी

गोल्डन कलर एवरग्रीन फैशन में रहता है। इस तरीके की सी थ्रू साड़ी आपको मार्केट में लगभग 2,500 रुपये से लेकर 4,000 रुपये तक में आसानी से मिल जाएगी। इस खूबसूरत साड़ी को डिजाइनर ब्रांड Lajjoo C द्वारा डिजाइन किया गया है। इस तरह की साड़ी के साथ आप ग्रीन कलर की ज्वेलरी को स्टाइल करें।



### येलो कलर में टिश्यू साड़ी

सिंपल साड़ी पहनना पसंद करती हैं तो इस तरीके की प्लेन साड़ी आपके लिए बेस्ट रहेगी। इस प्लेन साड़ी को डिजाइनर मनीष मल्होत्रा द्वारा डिजाइन किया गया है। वहीं इस तरीके की मिलती-जुलती साड़ी आपको लगभग 1,500 रुपये तक में आसानी से मिल जाएगी। इस तरह की साड़ी के साथ आप बालों के लिए स्लीक बन हेयर स्टाइल बना सकती हैं और मेकअप के लिए बोल्ड लिप कलर को चुन सकती हैं।

### ऑफ व्हाइट कलर टिश्यू साड़ी

ऑफ व्हाइट कलर देखने में काफी सटल लुक देने में मदद करता है। इस तरह की मिलती-जुलती साड़ी आपको मार्केट में करीब 2,000 रुपये से लेकर 3,000 रुपये में आसानी से मिल जाएगी। इस खूबसूरत साड़ी को मनीष मल्होत्रा ने डिजाइन किया है। इस तरह की साड़ी के साथ आप मैरून कलर स्टोन वाली ज्वेलरी को स्टाइल कर सकती हैं।